कार्य विश्वास में प्रगट हुये

धन्यवाद आपको, आज रात्रि यहाँ फिर से होना अच्छा है, मुझे नहीं मालूम कि उन्हें कैसे पता लगा कि मैं रोगियों के लिए प्रार्थना करने जा रहा हूं, हर कोई प्रार्थना करवाने के लिए आया। आप जानते हैं, मैं विश्वास करता हूं यदि आप आत्मा की अगुवाई पर चलते हैं तो यह ठीक है। यह सबसे अच्छा है, यह एक संदेश है, जो कभी असफल नहीं होता।

2 अब, आज मैं कमरे में बैठा हुआ था, एक... विशेष सेवक जो मेरे ह्रदय को बहुत पसंद है (उन तीन में), तीन मेरे अच्छे वास्तविक मित्र उन्होंने मुझे बताया कि वे मेरे साथ दोपहर के खाने पर जाने के लिए आ रहे हैं, और मैंने सोचा, "भई, ये तो अच्छा है," आप जानते हैं।

3 इसलिए मैंने—मैंने थोड़ा सा नाश्ता लिया क्योंकि मुझे निश्चय था कि वे इसका भुगतान करने वाले हैं, आप देखिए, और मैं... मेरा अच्छा पूरा खाना। इसलिए बारह बजे और एक बजे और दो बजे, वहां अभी भी कोई नहीं था। वहां इस प्रकार से था... पुलिस एक मुजरिम का पीछा कर रही थी, वहां चौक में और इसलिए मैं इस घटना को देखने नीचे चल दिया, मैं भाई जैक आदि को नहीं ढूंढ सका। इस प्रकार से मुझे पता लगा कि होटल के आदमी ने उन्हें गलत नंबर दे दिया; और वहां सारे समय गलत दरवाजा खटखटा रहे थे जहां कि मैं नहीं था। मैंने उन्हें अपने लिए भुगतान करने दिया, एक बार फिर, यदापि कभी–कभी, वह और भाई ट्रेसी, निश्चय ही मैं उन्हें देखकर खुश हूं, और भाई ब्राउन को आज रात्रि। यह बस ऐसा प्रतीत हुआ हमें फिर वापस एरिजोना जाना चाहिए।

4 मैं स्मरण कर सकता हूं कि उस दिन रेगिस्तान पार से आते हुये। मैंने अपनी पत्नी को बताया, वहां पीछे, मैंने कहा, "यहां, जहां भाई जैक अपनी छोटी शेवरलेट में बैठे हुए थे।" भाई ब्राउन और वह मूल सृष्टि के विषय में विवाद किया, कि यह छ: दिन में हुआ था, या यह साठ लाख वर्षों में हुआ था। यह अच्छा था।

5 उनमें इतना विवाद हुआ वे बाहर गए और हाथों पत्थर ले आए और वे खंबे के पीछे हो गए और एक दूसरे पर पत्थर फेंके जितना वे फेंक सकते थे। वे इसे इस प्रकार से तय नहीं कर सके कहा, "मैं तुम्हें भगा दूंगा," वे

अपने रास्ते चले जायेगे; भाई जैक, एक छोटे कद का व्यक्ति जितनी जोर से वह मुड सकता और भाई यंग अपने लंबे पैरों के साथ, आप जानते हैं। मैं कभी भी अपने जीवन में इतना नहीं हंसा!

6 तब, भाई जैक अपनी कार में बैठ गए और अपने जूते उतारे भाई शैरिट ने हमें संतरो का बड़ा थैला दिया, और इसके पहले हम शेवरेपोर्ट पहुंचे, उसने आधा साफ कर दिया।

7 यदापि आप उन सुनहरे दिनों को जानते हैं। जी हां, श्रीमान वे सुनहरे दिन थे मैं जानता हूं यह उपहास सा लगता है, परंतु यह सत्य है। परंतु हम... इस विषय में कुछ है, जैसे–जैसे आप बड़े होते हैं, और अपने दिमाग में सोचते हैं आप उन दिनों को सोचते हैं, जिन्हें कि आप चाहते हैं कि फिर से जी सकें यह ठीक बात है हमारी जवानी के दिन। और जैसे–जैसे हम बूढ़े होते जाते हैं, वे सब चित्रों में ढल जाते हैं। और मैं बहुत आनंदित हूं कि यह शुद्ध और पवित्र था और भाईचारे की संगति प्रेम में, यह जानते हुए कि हम ऐसे देश में जा रहे हैं जहां हम कभी भी बूढे नहीं होंगे, जहां... वह महान देश, सामने, जहां हम कभी कभी नहीं बूढ़े होंगे या कभी नहीं मरेंगे।

8 हमारे मूल्यवान भाइयों में से एक, हम सब का बहुत प्यारा वह अभी पार होकर उस देश में चला गया और हर बार में इस मंच पर आता हूं, मैं—मैं समझता हूं, मैं भाई लीले के लिए सोचूंगा। मैंने गत रात्रि देखा और छोटे जुड़ी को वहां पर बैठे हुए देखा और मेरा हृदय जोर से धड़क रहा था, मैं सोच रहा था कि वह कैसे चली गई। और मैं जानता हूं कि जब पिताजी मरे कैसे... परंतु हमें केवल कष्टों के उन विद्यालयों से निकलना था, कि यह जाने कैसे दूसरे लोग अनुभव करते हैं।

9 मैं विश्वास करता हूं कि मैं अपने पुराने मित्र को देख रहा हूं, जो यहां बैठा है, मैं उसका नाम याद नहीं कर सकता। क्या यह ठीक बात है, आप यहां बीमारों के लिए प्रार्थना किया करते थे, सारे समय वर्षों पहले की बात है? [कोई कहता है, “गेरहोल्टगेर”—सम्पा।] गेरहोल्टगेर, यह—यह जर्मनी नाम है मैं इसे कभी भी ठीक नहीं समझ पाया। भाई ट्रेसी, इनसे वहां बाहर मिले थे। और मैं इन्हें दस वर्षों से जानता हूं और मैंने कहा आप इन दस वर्षों में छ: महीने से अधिक बूढ़े नहीं हुए। हम एक संसार में रह रहे हैं जिसे किसी दिन रुकना ही है।

10 अब, आज रात्रि... आपको कल रात्रि अधिक देर हो गई थी, आज मैं यत्न करूंगा कि आज रात्रि ऐसा ना हो। अपनी कथा पूरी की; मैं आज रात्रि के विषय में सोच रहा था कि *रेपचर* के विषय कलीसिया को प्रचार करूंगा। कैसी स्थितियां है, जैसा कि मैं यह पवित्र वचन में देखता हूं, रेपचर के लिए कलीसिया को कैसी दशा में होना चाहिए, रेपचर होने के जरा पहले क्या घटित होगा और यह कैसे घटित होगा। और हम सब रेपचर याने उठा लिये जाने पर विश्वास करते हैं, क्या हम नहीं करते? हम इसमें विश्वास करते हैं। और तब, एकदम से किसी चीज ने कहा, "आज रात्रि बीमारों के लिए प्रार्थना करो।" और मैं यहां एक मैक्सीकन भाई के संग खाना खा रहा था, मैं गया और उसे सड़क पर ले गया। मैं समझता हूं, आज रात्रि वह यहां पर है, वह और उसकी पत्नी।

11 और फिर कोई आया और मुझे एक गवाही बताई कहा, "यदि... कलीसिया के क्षेत्र में," वह बोली, "वहां एक व्यक्ति था मैं समझती हूं यह लगभग एक वर्ष पहले की बात थी कि वह विचारों के परखने की पंक्ति में आया।" और आज रात्रि में सोच रहा था, कि पुराने रीति की प्रार्थना पंक्ति हो, जैसे भाई जैक और भाई...

12 भाई यंग ब्राऊन मेरे लिए प्रार्थना पत्र बांटा करते थे। और मैंने उन्हें वास्तव में ईमानदार पाया और कभी भी पत्र बेचते नहीं पकड़ा या कुछ गलत करते यह वास्तव में साफ सुथरा है। और हमने उन्हें यह करने का यत्न करते हुए पकड़ा आप जानते हैं। इसलिए हम... भाई यंग वह सारे समय अपने कर्तव्य पर थे और निष्ठावान। और मुझे याद है वह खड़े होकर कार्डों को लिया करता था और उन्हें पंक्ति में लाता था कि मैं उनके लिए प्रार्थना करूं और हम बढ़ते जाते, बस शुद्ध विश्वास के साथ जो उन लोगों में था, यदि वे आपके समीप आ सकते तो वे चंगे हो जायेगे। और मैं सोचता हूं कि वहां एक से बीस चंगाईया हुई, जो अब हमारे पास है।

13 तब यह कहानी दोपहर बाद एक व्यक्ति के विषय में आई, संभव ही अब वह यहां पर हो कि वह एक वर्ष पहले प्रार्थना पंक्ति में था कहीं, और—और उसे... विचारों के परखने में उसे बताया गया कि उसे मम्स थे। और डॉक्टर ने उसे बताया, मम्स के बाद, कि उसके कभी भी छोटी लड़की ना होगी और वह हमेशा एक चाहता था, मैं सोचता हूं उसके पास लड़के

थे। परंतु प्रभु की ओर से दर्शन में उसे बताया गया, "परंतु तुम्हें एक छोटी लड़की मिलने वाली है।"

14 और उसने कहा यहां आज रात्रि उसके पास छोटी लड़की है। मैं उस व्यक्ति को नहीं जानता, हो सकता है... यह—यह भक्त मंडली में होगा या वह व्यक्ति जिसके पास विषय में मैं बोल रहा हूं? कहीं पर? मैं नहीं जानता किसी ने मुझे अभी बाहर उसके लिए बताया। ओह, बच्ची यहां गोद में है, ठीक यहां पर, वहां बैठे हैं। यह बहुत अच्छा है। बहुत अच्छा। ओह, कितनी प्यारी छोटी सी। चल के जाने के लिए, यह किसी के लिए दूर नहीं है... बहुत सुंदर छोटी लड़की, यहां आकर मैं उसे लेता और गवाही देता। संभव है वह कल होगी या किसी समय, जब हमारी सभाये हो रही हो।

15 अब कल प्रातः व्यापारियों का नाश्ते के समय। क्या आपने घोषणा की मैं समझता हूं? और इसलिए ये... बहुत ही अच्छा है।

16 और अब आईये दिव्य चंगाई पर एक छोटा—एक छोटा पाठ लेते हैं, कितने इसका विश्वास करते हैं? ओह, एक महान रात्रि होने जा रही है, जब आपके पास इस प्रकार का विश्वास है। लोग जो इसका विश्वास करते हैं, यही जो इसे लेता है। यह विश्वासीयों के लिए है।

17 अब, फिर, मैंने अपनी पेंसिल उठाई और कुछ विषय लिखने जा रहा था और आदि-आदि, और... और तब बिली ने दरवाजा खटखटाया और बोला, "पिताजी? "

18 मैंने कहा, "थोड़ी देर प्रतीक्षा करो, मैंने अभी समाप्त नहीं किया है।"

19 उसने कहा, "परंतु, भाई जैक अपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं।" इसलिए, मुझे आना पड़ा। मैंने अटका दिया, मेरे पास कागज की क्लिप नहीं थी, मेरे पास मेडा की "बॉबी पिन," थी या किसी प्रकार कि पिन वे इसे "बॉबी पिन" कहते हैं। वह यही थी "बॉबी पिन," एक प्रकार की पिन। और—और मैं इन चीजों के विषय में अधिक नहीं जानता, और मैंने इसे वहां पड़े हुए देखा। इसलिए उसको पेपर की क्लिप बना दिया कि उसको अलग रखू, जी हां, मैं था... प्रात: के लिए कुछ टिप्पणियां; उन्हें अलग किया एक को दूसरे से।

20 और जब आपकी उम्र बढ़ती है... यह होता है मैं उन पवित्र लेखों को स्मरण नहीं रख सकता और चीजों को उतनी सरलता से। परंतु आप जानते हैं एक परिश्रम करना पड़ता है। क्या आपको यह परेशानी होती है, भाई

जैक, अब भी? यह ठीक बात है। मैंने भाई जैक को बताया, यहां अधिक समय नहीं हुआ मैंने कहा, “भाई जैक, आप जानते हैं,” मैंने कहा, “मैं हो रहा हूं, मैं स्मरण नहीं रख सकता।” मैंने कहा, “मैंने कुछ कहना आरंभ किया, और मुझे प्रतीक्षा करनी पड़ी।”

उसने कहा, “क्या—क्या आप यहीं तक थे?”

और मैंने कहा, “क्या यहां तक पर्याप्त नहीं है?”

21 उसने कहा, “नहीं।” कहा, “मैंने किसी को टेलीफोन मिलाया और कहा, ‘आपको क्या चाहिए था?’” मैंने सोचा आप मुझसे हंसी कर रहे थे भाई जैक मैंने पाया कि यह सच था।

22 जी हां श्रीमान। आप कैसे भूल जाते हैं। परंतु हम अपने सारे कार्य ठीक करें क्योंकि यह एक पुस्तक में है, एक अभिलेख जिसे की न्याय पर दर्शाया जाना है।

23 अब हम एक बड़े परिवार के समान है। और मैं नहीं समझता कि आज रात्रि हम समस्त राष्ट्र में टेलीफोन से जुड़े हैं, जैसा कि पिछली रात्रि मैं अपना संदेश प्रचार कर रहा था, मैं सोचता हूं यह बस एक स्थानीय मंडली यहां पर है। इसलिए पिछली रात्रि, निश्चय ही मैं आपके खड़े होने को सराहना करता हूं... मैं यत्न नहीं करता मैंने भाई जैक ने लाभ लेने का यत्न नहीं किया। परंतु उन्होंने सदा मुझ से कहा है, “कहो ये जो आप कहना चाहते हैं।” और इसलिए मैं बस मंच पर आया और थोड़ी सी शिक्षा को प्रचार किया। परंतु इस प्रकार हमारे पास... और मेरे कुछ नामधारी के भाई लोग।

24 उस दिन प्रातः मैंने एक स्वप्न देखा। मैं अक्सर स्वप्न नहीं देखता मैं स्वप्नहारा देखने वाला नहीं हूं। परंतु मैंने—मैंने स्वप्न देखा कि एक व्यक्ति है एक नौजवान हथकड़ी में, और वह निकलने का यत्न कर रहा है। और—और मैंने कहा... किसी ने मुझे बताया कहा, “वे भयानक लोग है, उनके साथ कोई वास्ता मत रखो।”

25 और मैंने देखा यह युवा इन हथकड़ियों से निकल रहा है और मैंने उसकी चिंता नहीं की। मैंने सोचा, “मैं देखूंगा कि वह क्या करता है।” इस प्रकार वह निकल गया और वह भला व्यक्ति था। और मैंने देखा दूसरा निकलने का यत्न कर रहा है।

26 अब यह केवल स्वप्न है। और मैं इस और गया और मैंने भाई रॉय बॉर्डरस को देखा, मेरा एक बहुत अच्छा मित्र कैलिफ़ोर्निया में रहता है, ऐसा लगा कुछ गड़बड़ है, उसकी आंखें आधी बंद थी, और एक बड़ा... शायद कैंसर या कुछ उसकी आंखों पर था। और मैं... कोई मुझे उनसे अलग खींच रहा था, मैं चिल्लाया, "भाई बॉर्डरस! यीशु के नाम में, बाहर निकल जा!"

27 और वह कठिनाई से बोल सका कह रहा था, "भाई ब्रन्हम, ये इससे और कुछ अधिक लेगा, मैं इसे पकड़ ना सका, भाई ब्रन्हम। मैं इसे पकड़ ना सका।"

28 मैंने कहा, "ओह, भाई बॉर्डरस।" मैं उसे प्रेम करता हूं।

29 और किसी ने मुझे खींचा, और मैंने देखा, और यह एक महिला यहां खड़ी थी... जब मैं एक छोटा लड़का था, मैं—मैं इन लोगों के लिए किराने की दुकान से किराने का सामान लाता था। और उसका नाम श्रीमती फ्यूटोन था, वह अब भी जेफरसनविले में रहती है, पत्नी की एक अपनी सहेली और मेरी मित्र।

30 और उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, हमें इससे छुड़ायें।" कहा, "यह एक नरक का घर है।" और कहा, "आपने गलत समझा।" और कहा, "ये... आपने इन लोगों को भी गलत समझा।" कहा, "ये बहुत अच्छे लोग हैं, परंतु... " और मैंने उधर देखा एक बड़ा नाचघर या—या बड़ी-बड़ी दीवारे और नीचे की ओर एक बड़ी गुफा; और बड़े-बड़े लोहे के डंडे, आठ या दस इंच के। और लोग, आपे से बाहर हाथ और पैरों को मरोड़ हुए, और अपने सिरों को *इस* प्रकार पीट रहे हैं। और वह चिल्ला रही थी, कह रही थी, "भाई ब्रन्हम, लोगों को छुड़ा लो।" कहा—कहा, "हम संकट में है, हमारी सहायता करो।" वह स्वयं, मैं उसे जानता हूं, वह वहां से... मैं विश्वास करता हूं, चर्च ऑफ क्राइस्ट से, या क्रिश्चियन चर्च, ब्रदर कलीसिया कहलाती है। इसलिए वह...

31 मैंने चारों ओर देखा, और मैंने कहा, "मेरी इच्छा थी, मैं कर सकता होता।" और चारों ओर देखता रहा; और मैं... मेरी छोटी मामूली देह, और—और वे बड़े लोहे की छड़े और वे बेचारे लोग, वहां अंदर आप उन्हें नहीं निकाल सकते वे लोहे की छड़े पास-पास लगी थी। और मैंने देखा, और वे अपना सिर पीट रहे थे, जैसे कि वे पागल हो।

32 और मैंने देखा कुछ ज्योतियां वहां अंदर चमक रही थी। और मैंने देखा और वहां प्रभु यीशु एक—एक—एक मेघ धनुष की ज्योति, जो उसके चारों ओर थी खड़ा था, कहा, "इन लोगों को छुड़ा लो।" और वह चला गया।

33 और मैंने सोचा, "मैं उन्हें कैसे छुड़ा सकता हूं? मेरे—मेरे हाथों में इतनी शक्ति नहीं है कि इन लोहे की छड़ों को तोड़ दूं।"

34 इसलिए मैंने कहा, "नरक के घर, यीशु मसीह के नाम में छोड़ दे।"

35 और सारा का सारा चटकने और हिलने और पत्थर लुढ़कने लगे, और लोहे की छडे गिर रही थी; और लोग भाग रहे थे, चिल्ला रहे थे, "छुट गए!" और अपनी पूरी ताकत से चिल्ला रहे थे और सब छूट गए थे।

36 और तब मैं चिल्ला रहा था, "भाई रॉय बॉर्डरस आप कहां हैं? आप कहां हैं? परमेश्वर अपने लोगों को छुड़ा रहा है! भाई बॉर्डरस आप कहां हैं? " और इसके लिए मैं आश्चर्यचकित हुआ।

37 आप जानते हैं, भाई बॉर्डरस बहुत डरे हुए थे। आप भविष्यवाणी जानते हैं, सब... आप में से बहुत से करते हैं, आप टेप आदि लेते हैं, उस पश्चिमी किनारे के विषय में।

38 आज रात्रि वह व्यक्ति यहां बैठा है, जब यह हुआ ये वहां था, (जब हम वह शिकार की यात्रा पर वहां खड़े थे), एक सेवक जो बीती रात्रि सुन रहा था। अंधी आंखों के साथ, वह बस आया वहां पर और कहा... अपना परिचय दिया। उसने रंगीन चश्मा पहन रखा था पहाड़ों में। उसने कहा, "भाई ब्रन्हम," बोला, "में भाई मेकह्गेस हूं।" उसने कहा, "मैंने—मैंने आपकी एक सभा जिम्मेदारी लेने में सहायता की, एक बार केलिफोर्निया में।"

39 मैंने कहा, "भाई मेकह्गेस, मुझे आपसे मिलकर प्रसन्नता हुई।"

40 और वहां लगभग बीस व्यक्ति खड़े थे। हम बाहर जंगली सूअर के शिकार पर थे। और मैंने कहा, पहाड़ों पर एक दिन जाने के पहले, मैंने भाई बैक वुड से कहा... आप सब इसे जानते हैं, एक व्यक्तिगत मित्र। मैंने कहा, "भाई वुड... " एक पत्थर उठाओ और हवा में फेंको, और वह नीचे आ गया। और मैंने कहा, "यहोवा यों कहता है, कुछ चीज घटित होने को है।"

41 इसलिए, उसने कहा, "वह क्या है भाई ब्रन्हम? "

42 मैंने कहा, “मैं नहीं जानता, परंतु चौबीस घंटो के अंदर आप देखेंगे। कुछ घुट घटित होने को है। यह एक महान चिन्ह है।”

43 और अगले दिन... यह दोपहर बाद था। अगले दिन लगभग दस बजे हम निकलने की तैयारी में थे। हर एक के पास अपना सूअर था और हम वहां खड़े थे। और भाई मेक अनीली, आप जानते हैं, और सब वे उन्हें तैयार कर रहे थे और—और भाई बॉर्डरस और मैं; और भाई रॉय रॉबरसन, एक अपाहिज अनुभवी बहुत ही प्रिय, मेरा मूल्यवान मित्र और वह वहां खड़ा था। और मैंने ऊपर देखा और भाई मेकह्गेस ने कहा, “भाई ब्रन्हम, क्या प्रभु का दूत कभी आप पर जब आप इस शिकार पर होते हैं प्रगट हुआ? ”

44 मैंने कहा, “भाई मेकह्गेस, जी हां। यह ठीक बात है। परंतु, मैं यहां एक प्रकार से विश्राम के लिए आता हूं।”

45 उसने कहा, “ठीक है, भाई ब्रन्हम, ” बोला, “मेरा अर्थ आपको परेशान करना नहीं है।”

46 मैंने कहा, “आपने मुझे परेशान नहीं किया।”

47 और बस मैंने चारों ओर देखा, और मैंने देखा डॉक्टर उसकी आंख देख रहा है। अब, मैं उसे नहीं जानता था उसने काला चश्मा पहन रखा था, एरीजोना में चमकदार धूप थी। और मैंने इसे देखा और मैंने देखा एक डॉक्टर उसे बताता है, कहता है, “श्रीमान, मैं वर्षों से इस आंख का इलाज कर रहा हूं, दो वर्षों से, यह ऐसे ही कुछ।” कहा, “यह एलर्जी जो आपकी आंख में है, आप इस आंख से हाथ धो बैठेंगे। यह दृष्टि को खा रहा है, और कोई विधि नहीं है कि मैं उसे रोक सकूं।”

48 और मैंने कहा, “आपने मुझसे यह क्यों पूछा अपनी आंख के कारण, यह धूप का चश्मा आपकी आंख खराब है।”

49 उसने कहा, “यह ठीक बात है।”

50 मैंने कहा, “आपका डॉक्टर, ” (उसे बताया) “उसने आपसे कहा है, कुछ दिनों ही पहले कि, ‘आप अपनी आंख उस एलर्जी के कारण जो—जो दृष्टि को खा रही है, खोने वाले हैं।’ वह इसका इलाज कुछ वर्षों से कर रहा है, और वह इसे नहीं रोक सका।”

51 उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, यह सच बात है।”

52 और मैंने घूमते हुए देखा, मैंने इनकी आयू से अधिक कि एक स्त्री को देखा गहरे रंग की थी वह मूल रूप से यहीं कहीं अरकानसास से थी। और उसने—उसने—उसने अपना स्कर्ट ऊपर खसकाया, और कहा, "पुत्र, यदि तुम भाई ब्रन्हम से मिलो, तो उनसे मेरे पांव के लिए प्रार्थना करने को कहना।" और एक लंबा ट्यूमर उनकी पैर की उंगलियों के बीच लटक रहा था।

53 मैंने कहा, "आपकी मां सफेद बालों वाली है, और उसने अपना स्कर्ट ऊपर किया, अपने—अपने मोजे और अपना पैर आपको दिखाया, और कहा यदि आप मुझ से मिले तो मुझे उनके पैर के लिए प्रार्थना करने को कहना।"

54 और उसने कहा, "ओह, दया हो।"

55 मैंने पीछे देखा और उसे बिना चश्मे के खड़े देखा, दर्शन, मैंने कहा, "यहोवा यों कहता है, परमेश्वर आपकी आंख चंगी करता है, और आपकी मां को भी चंगा करता है।"

56 उस समय के लगभग, मैं घूमा... अब वह व्यक्ति यहां बैठा है, वहां पर खड़ा था। मैंने भाई रॉय बॉर्डर से कहा... या भाई रॉय रॉबरसन से मेरा हाथ उसके कंधे पर रख दो क्योंकि वह एक अनुभवी है, मैंने कहा, "भाई रॉय तुरंत ही कहीं नीचे छिप जाओ कुछ होने को पक्का है।"

57 उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, आपका क्या अर्थ है? "

58 मैंने कहा, "बातें ना करो किसी चीज के नीचे, तुरंत चले जाओ!" और मैं घुमा और बेलचा उठाया, वहां एक और उनसे अलग चला गया, क्योंकि मुझे मालूम था यह वहां आएगा जहां मैं था।

59 ठीक दर्रे के किनारे, इस इमारत से, आठ या दस गुना अधिक ऊंचा यह एक "धरनुमा" दर्रा है; जैसे कि स्वर्ग से आग नीचे आयी चक्रवात के समान, वहां मैं खड़ा था उससे कुछ ही फुट ऊपर। और पहाड़ से पत्थर उखाड़ दिए और चला गया, पेड़ों की चोटी काट दी, लगभग सौ गज दूर से। हर कोई भाग रहा था, और ट्रक और किसी चीज के नीचे चला गया। यह वापस ऊपर गया और एक बड़ी गर्जन की आवाज हुयी फिर वापस आसमान की ओर चला गया और फिर नीचे आया। और यह तीन बार किया। और जब यह सब हो गया, वे आये और पूछा, "इसका क्या अर्थ है? "

60 मैंने कहा, "मैं आपको बताना नहीं चाहता; यह न्याय का एक चिन्ह था। कुछ ही दिनों में पश्चिम की ओर एक भूकंप आने वाला है और यह रुकेगा नहीं कैलिफोर्निया, लॉस एन्जलस डूब जायेंगे। यह नीचे जा रहा है। यह सारा का सारा समुंदर में चला जाएगा।" और दो दिन के पश्चात अलास्का के भूकंप ने अलास्का को हिला दिया।

61 और अंतिम सभा मेरी कैलिफोर्निया में थी, जबकि बोल रहा था और और मालूम नहीं तब तक कुछ नहीं हुआ जब तक मैं सड़क पर नहीं पहुंचा, इसने कैलिफोर्निया बताया, कहा—कहा, "कफ़नहूम, कफ़नहूम, वह नगर जो दूतों के नगर के नाम से कहलाता है," (वह लॉस एन्जलस है) "तूने स्वयं को स्वर्ग तक ऊंचा किया, परंतु तू नीचे अधोलोक तक नीचे लाया जाएगा। क्योंकि यदि वह सामर्थ भरे काम सादोम में किए जाते, जो तुझ में किए गए, तो वह आज तक बना रहता।"

62 अब पिछले कुछ दिनों से एक बड़ी हलचल, तड़ातड़ हो रही है। तब, यहां विज्ञान के अखबार में आया, कहा, "यह सारा छलनी हुआ पड़ा है, उसे तो नीचे जाना ही है।" वे बस इसे जानते हैं।

63 और आप ध्यान दें कि पानी साटोन सागर में वापस आएगा, लॉस एन्जलस न्याय में नष्ट हो गया। मैंने इसे घटित होने से पहले बता दिया, ताकि जब ये हो तो आप जान जाए। मैंने यह कभी अपने से नहीं कहा और वह मेरे पास कभी यह बताने के लिए नहीं था सिवाये जो घटित हुआ। आपके पास इसका अभिलेख है। यह ठीक बात है। कब? मैं नहीं जानता।

64 मैं बाहर निकल गया, और उन्होंने मुझे बताया कि मैंने क्या कहा और मैंने सुना वापस जाकर पवित्र शास्त्र खोजा। आप जानते हैं यीशु ने कहा, लगभग इन्हीं शब्दों में कफरनहूम के लिए; और सादोम और गमोराह यह मृतसार की तलहटी में थे, मैं समझता हूं तब। और बाद में, लगभग सैकड़ों वर्ष पश्चात, कफनहूम समुद्र में चला गया और यह समुंद्र में है। वही परमेश्वर, जिसने उस सदोम को उसके पापो के लिए समुंद्र में डाल दिया, उसी परमेश्वर ने कफनहूम को उसको पापों के लिए समुंद्र में डाल दिया, वही परमेश्वर लॉस एन्जलस को उसके पापों के कारण समुंद्र में डाल देगा, वह व्यभिचारी नगर।

65 भाई रॉय बॉर्डरस मृत्यु के लिए डर गए। मैं नहीं जानता कि... कि इसका क्या अर्थ है, या क्या। मैं नहीं जानता।

आइए प्रार्थना करें।

66 प्रभु, यह वास्तविक सुनने वालों के लिए गवाही देना अच्छा है हम विश्वास करते हैं प्रभु हमारे अविश्वास में सहायता करें। और हम यह अनुभव करते हैं कि हम नीचे मार्ग पर जा रहे हैं अब संसार के अंत में, बस किस समय, हम नहीं जानते। परंतु दुल्हन का गुप्त उठा लिए जाना इन्ही दिनों में प्रभु, हम उठा लिए जायेंगे, उसके साथ उठा लिए जायेंगे। और हम उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं प्रभु हमारे हृदयो को तैयार करें।

67 बहुत से हैं, देखिए, यहां चारपाइयों पर खड़े पड़े हैं और स्टेचरों पर पुरुष और स्त्रियां जो कि शत्रुओं से बांधे गए हैं। संभव है, लोग वहां बैठे हैं यदि आप उन्हें ना छुए तो वे हृदयघात से मर जायेंगे। शायद कुछ उनमें से कैंसर से खाए हुए।

68 और पिता, आप हर मनुष्य के हृदय को जानते हैं। आप जानते हैं कि यह सत्य है या नहीं। और हम इन बातों को इसलिए कहते हैं कि हम यह जानते हैं कि आपने यह कर दिया आपकी महान सामर्थ ने बहुतों को छुड़ा लिया। हम इसके गवाह है, यदापि वे हमें यह बताने का यत्न करते हैं कि "यह बातें घटित नहीं होती।" परंतु प्रभु यह होता है। हम गवाह है।

69 आज रात्रि मैं प्रार्थना करता हूं, प्रभु, कि कैसे भी आप इन लोगों में विश्वास को बनाए ताकि इन में से प्रत्येक छुड़ा लिया जाए ये सारे बीमार और अपाहिज लोग। प्रभु, होने पाए यह बहुत साधारण हो बस हम, जैसे कि हम संसार को वचन सिखाने का यत्न करते हैं, पवित्र आत्मा मेरी गलतियों को ले ले, प्रभु, और इन लोगों के हृदय में सही कर दें। और इसे एक वास्तविक रात्रि बना दे... कि वह स्वयं को प्रत्येक विश्वासी के हृदय में बसा सकें, आज रात्रि हम इसे उद्देश्य से बैठे हैं, प्रभु! वे जो बचाए हुए नहीं है, इस सब के ऊपर तैयार रहे; अब तैयार रहे जबकि दया का द्वार अब खुला है। हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

70 अब हम पवित्र वचन खोलने जा रहे हैं, कि इससे आरंभ करें, और...

71 किसी ने यहां पुलपिट पर एक—एक नोट रखा है, और कहा कि उन्होंने "मेरे लिए भेंट ली है" आज रात्रि मेरे लिए। यह आवश्यक नहीं था, यह ना करें। मैं इसे वापस नहीं ले सकता। एक बार मुझे याद है, केलगरी, केनडा में, हमने लिया... यह भेंट ली गई थी। भाई जैक मुझे बताने का यत्न कर रहे थे... मेरी पत्नी वहां पीछे बैठी थी, वह बालको के पास पुराने दो

कमरे थे हम उसमें रह रहे थे उसे दरवाजे पर कंबल टांगना होता था ताकि दरवाजा बंद रहे ताकि बच्चों को निमोनिया ना हो जाए। और उसने कहा... उसने मुझसे कहा बोले, "भाई ब्रन्हम, यह ठीक नहीं है, कि उसके साथ ऐसा व्यवहार किया जाए।" आपको वह बात याद है। उन्होंने ले लिया, मैं भूल गया कितने हजार डॉलर।

72 और मैंने कहा, "ओह, भाई जैक, इसे वापस ले ले।"

73 उसने कहा, "अब, हम यह कैसे करेंगे?" इसलिए मैंने वह स्थान खरीदा और यह वहां है, परमेश्वर की महिमा और सम्मान के लिए। हमने इसे कुछ वर्षों तक रखा, पत्नी और मैं, एक उपहार कलीसिया से, लोगों को।

74 और तब मैंने सोचा, "यह ठीक नहीं जान पड़ता। मैं इस संसार में कुछ नहीं लाया और यह निश्चित है कि मैं इसमें से कुछ नहीं लूंगा।" इसलिए मैं घुमा और इसे ठहरा दिया, और आराधनालय को वापस दस्तावेज़ पत्र में कर दिया। ताकि जब मेरा पूरा हो जाए, तब कोई प्रभु का दास, यदि कोई कल है तो इसको प्रयोग करेगा। देखा? इसलिए कृपालु मित्रों, धन्यवाद। परमेश्वर आपको इसके लिए आशीष दे।

75 अब याकूब में, याकूब की पुस्तक दूसरे अध्याय में, 21 वे पद से आरंभ करके पढ़ना चाहता हूं।

76 और अब, मैं... थोड़ी देर के लिए शिक्षा और फिर हम रोगियों के लिए प्रार्थना करेंगे जितनी जल्द हम कर सकते हैं, और जितना अधिक संभव होगा लोगों को प्रार्थना पंक्ति से होकर निकालेंगे। हम उन्हें भी स्मरण करें... मैं बहन एना जीन और भाई डॉन, और उन्हे भूलना नहीं चाहता मैं सोचता हूँ, वे थाईलैंड में कही है, क्या नहीं? तो कहाँ? बैंकाक, और—और मिशन कार्य क्षेत्र में। बहुत सी बातें है जो आप दिन के समय सोचते हैं, आप उनका उल्लेख लोगों के समक्ष करना चाहते हैं। तब आप जब यहां आते हैं, आप उन बातों को नहीं सोच सकते, आप सीधे पाठ पर बढ़ जाते हैं।

77 और अब, यहां याकूब में दूसरा अध्याय। और अब हम शायद से याकूब के दूसरे अध्याय से आरंभ करने जा रहे हैं। और इसका एक—एक भाग पढ़ते हैं, 21 वा पद, दूसरे अध्याय का।

जब हमारे पिता अब्राहम ने अपने पुत्र इसहाक को वेदी पर चढ़ाया तो क्या वह कर्मों से... धर्मी ना ठहरा था?

सो तूने देख लिया कि विश्वास ने उसके कामों के साथ मिलकर प्रभाव डाला... और कर्मों से विश्वास सिद्ध हुआ?

और पवित्र शास्त्र का यह वचन पूरा हुआ कि अब्राहम ने परमेश्वर की प्रतीति की, और यह उसके लिए धर्म गिना गया: और वह परमेश्वर का मित्र कहलाया।

78 अब, आज रात्रि मेरा विषय... अब अपनी बाइबल पकड़ ले, क्योंकि मैंने यहां बहुत सारे वचन लिख रखे हैं, यदि हमें अधिक देर नहीं हुई तो मैं उनमें से बहुत सो का उल्लेख करूंगा। मेरा विषय है: *कार्य विश्वास का प्रगटीकरण है*। अब स्मरण रखें: *कार्य विश्वास का प्रगटीकरण है*। कार्य दिखाते हैं कि विश्वास ने पहले ही पकड़ बना रखी है, देखा। समझे? अब हम इसे चुनते हैं क्योंकि हम... मैं विश्वास करता हूं कि यह हमारी समझने में सहायता कर सकता है। अब जरा ध्यान पूर्वक सुने, और हम इसमें संडे स्कूल के समान चलेंगे।

79 यहां याकूब अपनी शिक्षा को उत्पत्ति 22: 1–9 से प्रगट कर रहा है, कि अब्राहम में कैसा *मनुष्य* दिखाई पड़ता है।

80 आईये थोड़ा वापस चले और मेरे पास निशान लगे हुए वचन है उत्पत्ति 22 वे अध्याय में और पहले से 9 वें पद तक।

इन बातों के पश्चात ऐसा हुआ कि परमेश्वर ने अब्राहम से यह कह कर उसकी परीक्षा की, अब्राम... कि हे अब्राहम, उसने कहा देख मैं यहां हूं।

उसने कहा अपने पुत्र को अर्थात अपने इकलौते पुत्र इसहाक को, जिससे तू प्रेम रखता है, संग लेकर मोरीय्याह देश में चला जा; और... वहां उसको एक पहाड़ के ऊपर जो मैं तुझे बताऊंगा होमबली करके चढ़ा।

देखिए, उसने उसे यह भी नहीं बताया कि यह कौनसा वाला था। और आप बस आगे बढ़े, जब परमेश्वर बोलता है, आप आगे बढ़ते जाए। समझे?

सो अब्राहम बिहान को तड़के उठा और अपने गधे पर काठी कस कर अपने दो से सेवक, और अपने पुत्र इसहाक को संग लिया और होमबली के लिए लकड़ी चीर ली, तब कूचकर के उस स्थान को चला... जिसकी चर्चा परमेश्वर ने... उससे की थी।

तीसरे दिन अब्राहम ने आंख उठाकर उस स्थान को दूर से देखा।

और उसने अपने सेवकों से कहा, गधे के पास यही ठहरे रहो; यह लड़का और मैं वहां तक जाकर, और दंडवत करके फिर तुम्हारे पास लौट आयेंगे।

81 अब इसके मस्तिष्क में यह था, वह ऊपर अपने लड़के को घात करने जा रहा है, क्योंकि परमेश्वर ने उससे यह कहा है। परंतु यहां पवित्र वचन में देखें।

... मैं और लड़का वहां जायेंगे और दंडवत करेंगे और तुम्हारे पास वापस आते हैं। (वह और लड़का)

सो अब्राहम ने होमबली कि लकड़ी ले और अपने पुत्र इसहाक पर लादी और आग और छुरी को अपने हाथ में लिया; और वे दोनों एक साथ... चल पड़े।

इसहाक ने अपने पिता अब्राहम से कहा, हे मेरे पिता उसने कहा हे मेरे पुत्र क्या बात है उसने कहा देख आग और लकड़ी तो है; पर होमबली के लिए भेड़ कहां है?

अब्राहम ने कहा हे मेरे पुत्र परमेश्वर होमबली की भेड़ का उपाय आप ही करेगा; सो वे दोनों संग–संग आगे चलते गए।

और वे उस स्थान को जिसे परमेश्वर ने... उसे बताया था पहुंचे; तब अब्राहम ने वहां वेदी बनाकर लकड़ी को चुन चुनकर रखा और अपने पुत्र... इसहाक को बांधकर वेदी पर की लकड़ी के ऊपर रख दिया।

और अब्राहम ने हाथ बढ़ा कर छुरी को ले लिया कि अपने पुत्र को बली करे।

तब यहोवा के दूत ने स्वर्ग से उसको पुकारा कर कहा, हे अब्राहम हे अब्राहम; उसने कहा देख मैं यहां पर हूं।

उसने कहा, उस लड़के पर हाथ मत बढ़ा, और ना उससे कुछ कर क्योंकि तूने जो मुझसे अपने पुत्र वरन अपने इकलौते पुत्र को भी, नहीं रख छोड़ा; इससे मैं अब जान गया कि तू... परमेश्वर का... भय मानता है। (क्या ही काम है!)

82 अब हम यहां यह पाते हैं कि याकूब अब्राहम को *कामों* के द्वारा न्यायोचित ठहरा रहा है।

83 परंतु अब पौलुस रोमियो में रोमियो की पुस्तक 8... 4 अध्याय, 4:1 से 8। मैं यह सारा नहीं पढ़ूंगा, केवल थोड़ा ही भाग।

> *सो हम क्या कहें कि हमारे शारीरिक पिता अब्राहम को क्या प्राप्त हुआ?*
>
> *क्योंकि यदि अब्राहम कामों से धर्मी ठहराया जाता...* (आपको स्मरण है पिछली रात्रि हमने शब्द "धर्मी ठहराया" जान लिया था) *... तो उसे घमंड करने कि जगह होती; परंतु परमेश्वर के निकट नहीं।*
>
> *पवित्र शास्त्र क्या कहता है? यह कि अब्राहम ने परमेश्वर पर विश्वास किया और यह उसके लिए धार्मिकता* गिना *गया।*
>
> *काम करनेवाले की मजदूरी देना दान नहीं, परंतु हक समझा जाता है।*

84 अब—अब पौलुस यहां किसका उल्लेख कर रहा है, जो परमेश्वर ने अब्राहम में देखा।

85 अब देखिए... यदि आप... यदि हम अधिक नहीं घूम रहे थे. हम वापस उत्पत्ति में जायेंगे 15 वा अध्याय और छठवां पद 15:6, मैं विश्वास करता हूं कि ठीक है। हम पाचवे से आरंभ करेंगे।

> *और उसने उसको बाहर ले जाकर कहा, आकाश की ओर दृष्टि करके तारागण को गिन, क्या तू उनको गिन सकता है; फिर उसने उससे कहा, तेरा वंश ऐसा ही होगा।*
>
> *उसने यहोवा पर विश्वास किया और यहोवा ने इस बात को उसके लेखे में धर्म गिना।*

86 अब दो व्यक्ति जो विश्वास के विषय में बातें कर रहे हैं पौलुस अब्राहम को जो परमेश्वर ने अब्राहम के अंदर देखा धर्मी ठहराता है; परंतु याकूब अब्राहम को जो *मनुष्य* अब्राहम में—में देखता है धर्मी ठहरता है।

87 अब, देखिए याकूब ने कहा, "वह अपने कामों के द्वारा धर्मी ठहरा।"

88 पौलुस ने कहा, "वह विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरा।"

89 परंतु देखिए अब्राहम ने परमेश्वर पर विश्वास किया यही जो *परमेश्वर* ने उसमें देखा उसने इसका विश्वास किया। परंतु तब जब वह इसको ऐसा करने गया यद्यपि यह पहले ही कर दिया गया, यही जो *मनुष्य* ने उसमें देखा।

90 और यह ऐसा ही जैसा यह हमारे लिए, क्योंकि हमारे काम दर्शाते हैं कि हमारा क्या विश्वास है। परंतु यदि हम वह करने से डरते हैं, जो हम विश्वास करते हैं, तो हम इसका विश्वास नहीं करते। देखिए, आपको इसका विश्वास करना ही है।

91 अब्राहम के कार्य उसके विश्वास को दर्शा रहे थे जो परमेश्वर की प्रतिज्ञा में था। अब, स्मरण रखें अब्राहम वह नब्बे वर्ष का था... सौ वर्ष का बूढ़ा और सारह नब्बे वर्ष की। और अब वे अच्छी बड़ी आयू के थे, बालक उत्पन्न करने की क्षमता नहीं बहुत वर्षों से नहीं थी। और वे एक साथ पति पत्नी के समान रहे जब से वे युवा थे और कोई बालक नहीं। परंतु फिर भी परमेश्वर ने उसे बताया जब वह पचत्तर वर्ष का था और सारह पैसठ की, "तुम्हें बालक होने वाला है।" और उसने परमेश्वर की प्रतिज्ञा का विश्वास किया। उसने इसका विश्वास किया। अब देखिए, उसने इस बालक के लिए हर चीज तैयार कर ली। देखिए, यही जो *परमेश्वर* ने देखा, जब उसने परमेश्वर का विश्वास किया; और मनुष्य ने देखा जो उसने विश्वास किया उसने उसको प्रगट किया (और यही बात जो आज रात्रि कार्य करती है ऐसे ही यह हमारे साथ है।) यह उस पर प्रगट किया गया। देखिये, यह उस पर प्रकट किया गया था, इसलिए उसने ऐसा विश्वास किया और ऐसा व्यवहार कर रहा था, जैसे कि यह हो चुका।

92 अब जरा यहां पर थोड़ा रुके एक मिनट हम कभी-कभी इसे गलत समझते हैं। लोग उत्तेजित हो जाते और उत्तेजना पर कार्य करते हैं। यह कार्य नहीं करेगा।

93 अब, मैं यहां भाई गेर होल्टजर के समान हूँ, हम लोग ढूंढे हैं और हम रहे... इस लंबे समय में और हमने लाभ हानि और—और सब चीजें देखी है। और बीमारो के लिए समस्त संसार में प्रार्थना करना और लोगों कि निराशा देखना और चारो ओर से "हाल्लेलुय्या" सुनना। और फिर यह सब हम इसके द्वारा सीखते हैं। और जब हमने लड़कों के सामान यह प्रचार आरंभ किया भाई, गेर होल्टजर जैसे एक साथ तैरना आरंभ किया। पहली

चीज, आप जानते हैं यह ऐसा होता था कि मैं बाहर चला जाऊंगा, और मैं... भाई जैक मेरे साथ सड़क पर चलने के लिए भाई ब्राऊन थे, एक रात से दूसरी रात स्वयं अपने आपे में आने का यत्न करता। मैं वहां छोटे बालक के समान खड़ा होता, और मैं बस वही रहूंगा जब तक भाई ब्राउन...

94 मुझे स्मरण है, एक रात्रि, मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा, वहां सेन जोस में या कहीं। और वह मुझे जगाने का आया, मैं कई दिनों से नहीं सोया था और मुझे नहीं मालूम था कि मैं एक व्यक्ति से बातें कर रहा हूं, परंतु कहा कि मैंने उसे बताया है, रोना आरंभ कर दिया, बोला, "मैं घर जा रहा हूं।" समझे?

95 "क्यों," उसने कहा, "आप घर नहीं जा सकते, वहां नीचे सभा चल रही है।"

96 मैंने कहा, "भई, मैं कुछ मिनटों में तैयार हो जाऊंगा कि घर जाऊं।" देखिए, मैं यह लगभग अपने आपे में नहीं था। देखिए, तब मैं लड़का था।

97 जैसे कि आप तैरना सीख रहे हैं आप समझते हैं आप पानी में छपाके मारते और तालाब के पास जाते हैं, और "हुंहहह, हुंहहह, हुंहहह, मैंने गलती की!" अब जब आप तैरना सीख जाते हैं उसके बाद तो छपाके बढ़िया मारते हैं, और यह आपको थकाता नहीं इतना अधिक। देखिए, यही है आप सीख जाते हैं कि कैसे किया जाता है; और बेकार की चीजें छोड़ कर इसे अच्छा बनाते हैं, और यह और सरल होता है। समझे?

98 एक छोटा लड़का जो कभी नहीं चला यहां इस गलियारे में चलने का यत्न करेगा वह दर्जनों बार गिरेगा और "थक जाएगा" इसके पहले कि वह वहां पहुंचे। परंतु कोई भी जो चलना जानता है, एक खिलाड़ी वह सीधा गलियारे में जाएगा, यहां तक कि ध्यान भी नहीं देगा कि यह कर रहा है। वह जो अब है उसी में आरंभ करेगा।

99 ठीक, यही दिव्य चंगाई को प्रचार करने में है या कुछ भी जैसे जैसे आप बढ़ते हैं आप सीखने लगते हैं यदि आप नहीं सीखते तो कुछ गड़बड़ है। देखिए, आपको सीखना ही है और आपको सीखना है कि कैसे परमेश्वर को स्वीकार करें और वास्तव में इसका क्या अर्थ है।

100 कभी–कभी कहने के लिए हम अनुमति देते हैं, "भई, इस व्यक्ति में पर्याप्त विश्वास नहीं है उस व्यक्ति ने *यह, यह* नहीं किया।" इसका कोई कारण है, इसका एक कारण है। कभी–कभी यह अस्वीकृत पाप होता है।

आप व्यक्ति पर गैलनो तेल उंडेल सकते हैं–, और जब तक गला ना बैठ जाए चिल्लाते रह सकते हैं, यह शैतान को बिल्कुल नहीं हिलाएगा। नहीं, श्रीमान! आपको यह स्वीकार करना ही है। विचारों का परखना यही करता है, कहे, "जाकर इसे ठीक करो, उसे बाहर लाओ।"

101 परंतु यह इतनी धीमी गति से कर रहा है, आप देखिए। तब—तब बाकी लोगों का सब्र टूट जाता है और वे कहते हैं, "ओह, मैंने कभी प्रार्थना नहीं करवाई।" परंतु हमने इसके लिए एक मार्ग ढूंढना चाहते हैं, कि… क्या घटित हुआ, दिव्य चंगाई का वह वास्तविक आधार।

102 अब एक वरदान, जैसा कि मैंने गत रात्रि कहा, "एक वरदान शानदार चीज है, परंतु आप अपना अनंत गंतव्य वरदानों पर आधारित नहीं कर सकते।" आप मुख्य को लघु पर नहीं रख सकते, और वरदान एक—एक छोटा है। और शैतान किसी भी वरदान की नकल कर सकता है, परमेश्वर के वरदान की, वह ठीक वैसे ही बना सकता है, देखिए, ठीक वैसा ही। इसलिए हमें इस पर ध्यान देना है।

103 जैसे कि कभी–कभी मैं चिल्लाने के लिए दर्शाता हूं। मैंने प्रेत आत्माओं को चिल्लाते देखा है। अन्य भाषाओं में बोलते हुए। मैंने प्रेत आत्माओं को अन्य भाषाओं में बोलते देखा है। यह वास्तविक नहीं है। परंतु यह उसकी नकल है आप देखिए इसे वास्तविक जैसा दिखता है। और लोग कभी–कभी जो अंतर नहीं समझते *इसे* "वास्तविक" घोषित करते हैं, जबकि यह वास्तविक नहीं है।

104 और यही बात वे दिव्य चंगाई के लिए करते हैं। वे सोचते हैं, "तो, यह कुछ गड़बड़ या कुछ इसी प्रकार का है।" यह नहीं है। क्या यह वास्तविक है, शुद्ध विश्वास जिसमें परमेश्वर ने कहा कि यह सत्य हो। और वह लंगर करता है! और जब यह लंगर डालता है, तो इसे कोई नहीं हिला सकता, यह वही स्थिर रहेगा। और इसलिए, इन बेकार बातों को छांट रहे है…

105 अब *विश्वास* परमेश्वर की "ओर से एक प्रकाशन है।" अब, विश्वास एक प्रकाशन है। वहीं पर मैं टिकना चाहता हूं, वहां एक क्षण। यह एक प्रकाशन है। उसने इसे उसके अनुग्रह से प्रकाशित किया है। आपने इसके कुछ नहीं किया आपने इस विश्वास में कार्य नहीं किया। आपके पास कभी विश्वास था यह आपको परमेश्वर के अनुग्रह से दिया गया। और

परमेश्वर इसे आप पर प्रगट करता है, इसलिए विश्वास एक प्रकाशन है। और परमेश्वर की सारी कलीसिया प्रकाशन पर बनी है।

106 एक बैपटिस्ट सेवक ने मुझे बताया अधिक समय नहीं हुआ, उसने कहा, "मैं प्रकाशन को स्वीकार नहीं कर सकता।"

107 मैंने कहा, "तो फिर आप बाइबल को स्वीकार नहीं कर सकते। आप मसीह को स्वीकार नहीं कर सकते, क्योंकि वह परमेश्वर का प्रकाशन है। वह परमेश्वर जो शरीर में प्रगट हुआ।" इसलिए समस्त कलीसिया दिव्य प्रकाशन पर बनी है।

108 यीशु ने कहा (मेरा विश्वास है यह पतरस था) कहा, उसने कहा, "लोग मुझ मनुष्य के पुत्र को क्या कहते हैं? "

109 वह अपने शिष्यों से बातें कर रहा था, "और किसी ने कहा तू 'एलिय्याह' है और 'मूसा' या 'भविष्यवक्ताओं में से एक' और 'यर्मयाह।'"

110 उसने कहा, "परंतु तुम क्या कहते हो? "

111 उसने कहा, "तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है।"

112 अब, रोमन कैथोलिक कहती है, "वह पतरस से बोल रहा था, कि 'इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा।'"

113 प्रोटेस्टेन्टो ने कहा, "वह इसे स्वयं अपने पर बनायेंगे।"

114 अब, वे ठीक हो सकते हैं। परंतु, मेरे लिए, दोनों गलत है। यह आत्मिक प्रकाशन पर है कि वह कौन था। "मांस और लहू ने तुझ पर मुझ पर यह प्रगट नहीं किया, पतरस। परंतु मेरे पिता ने, जो स्वर्ग में है तुझ पर यह प्रगट किया। और इस चट्टान पर, " यह प्रकाशन कि वह क्या है; इस प्रकाशन पर, वह वचन है और समस्त... "इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा, और अधोलोक के फाटक इस पर प्रबल नहीं हो सकते।" यह ये दर्शाता है कि अधोलोक के फाटक इसके विरोध में है।

115 हाबिल ने, विश्वास के द्वारा, प्रकाशन (उन दिनों में बाइबल लिखी नहीं गई थी) हाबिल ने, विश्वास से, परमेश्वर को अधिक उत्तम बलिदान चढ़ाया उससे जो कैन ने। जिसकी परमेश्वर ने गवाही दी, "वह धर्मी था।" कैसे? विश्वास से। कैसे? प्रकाशन के द्वारा! प्रकाशन के द्वारा, हाबिल ने परमेश्वर को उत्तम बलिदान चढ़ाया, क्योंकि उस पर प्रगट किया गया था कि यह मैदान के फल नहीं, यह लहू था।

116 इसी कारण कुछ लोग इसका विश्वास कर सकते है, और कुछ इसका विश्वास नहीं कर सकते कुछ इस बनावटी विश्वास का यत्न करते हैं।

117 लोगों की सभा में जहां प्रार्थना पंक्ति चलती है, आप कुछ को पायेगे... आप कहेंगे और वे सब अच्छे लोग थे, उनमें से कुछ बहुत ही यत्न कर रहे थे कि इसका विश्वास करें, स्वयं ही कुछ करने का यत्न कर रहे थे। कुछ बिल्कुल कुछ नहीं कर सके। और दूसरे, यह अनुग्रह है जो उनको दिया गया। अब वहां पर अंतर है। समझे? जो यह करता है। यह वास्तविक प्रकाशन है क्योंकि विश्वास परमेश्वर की ओर से प्रकाशन है। इसे पहले प्रगट होना ही है।

118 यीशु ने इसे स्पष्ट रुप में दर्शाया जब उसने कहा, "कोई मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता सिवाये कि मेरा पिता उसे पहले खींच ना ले या पहले मुझे उस पर प्रगट ना कर दे।" आपको यह पढ़ना चाहिए। यह संत याकूब... या संत यूहन्ना 6:44 और 46 तक। उन्हें नहीं मालूम हुआ कि वह कौन था उन्होंने सोचा यह बस साधारण व्यक्ति है उन्होंने उसे सोचा, ऐसे ही, जैसे लोग आज करते हैं कोई भविष्यवक्ता। वह एक भविष्यवक्ता था, वह एक साधारण मनुष्य था, परंतु वहां इससे कुछ अधिक था।

119 जैसे कि बीती रात्रि, बोल रहा था... जब आपको पुस्तक मिले, आपको कुछ गड़बड़ी मिलने जा रही है, जो कि मैंने कहा, "जीवन की दो पुस्तकें।" यह एक ही पुस्तक है, परंतु उनमें से एक आपका शारीरिक जन्म, दूसरी वाली आपका आत्मिक जन्म। एक दूसरे की अगुवाई करता है जैसे कि गेहूं की डंडी। आप जब कभी मुझ से बात करते हैं, तो आप एक जीवित व्यक्ति के समान बात करते हैं। परंतु मेरा एक भाग यहां है यह वह व्यक्ति है जिसे नष्ट होना ही है, यह वह पुस्तक है, जिसमें से नाम हटता है। परंतु अनंत वाला, पहले से ठहराया हुआ वाला, चुना हुआ वहां से नाम कभी नहीं हट सकता क्योंकि यह सदा से वहीं था इसे कभी भी नहीं हटाया जा सकता। आप इस पुस्तक में ध्यान देंगे, इसलिए यह आपको भ्रम से बचाता है। आप इसको किसी प्रकार पायेंगे। क्योंकि मैं सोचता हूं, भाई वायल, जिसने इसे यहीं व्याकरण में डाला है, मुझे आज इसे याद दिलाता है। मैंने कहा, "यह ठीक है।"

120 बैपटिस्ट विश्वास करते हैं यह दो अलग अलग पुस्तकें हैं। और एक प्रकार से यह दो अलग पुस्तकें हैं, और दूसरे रूप में यह दो अलग पुस्तकें

नहीं है। मैं दो अलग लोग हूँ... मैं देह, और प्राण और आत्मा हूं, तीन अलग लोग, परंतु मैं हूं... केवल एक मुझे जीवन बनाता है।

121 केवल एक ही वास्तविक जीवन की पुस्तक है। जैसे कि एक ही जीवंश है, गेहूं का जो कि डंठल से होता हुआ आता है और फुन्दनी से होकर निकलता है और भूसे से होता हुआ और फिर गेहूं में; और इस सब से होते हुए, आप कहते हैं, "अब, यह गेहूं उसमें है।" यह गेहूं नहीं यह डंठल है, परंतु कुल मिलाकर यह गेहूं है। देखिए, यह गेहूं है क्योंकि यह सब एक फुन्दनी है, परंतु गेहूं जिसके विषय में आप बात कर रहे हैं, वह दाना इसके अंत में है। दूसरे तो उसे ले जाने वाले थे, इन्हें तो नष्ट होना ही है। और यही है एक—एक स्थान पर यह ऐसा लगता है कि आपका नाम मेमने की पुस्तक से हटाया जा सकता है, और दूसरे स्थान पर आप यह नहीं कर सकते। इसलिए, यह ऐसा ही है। यह सब इस बड़े प्रकाशन में है, जो कि सात मोहरे के खुलने की समय मालूम पड़ा। यह क्यों है, कैसे कुछ लोग इसका विश्वास नहीं कर सकते?

122 यीशु ने यह कहा, "कोई मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता जब तक मेरा पिता ही उसे ना खींच ले और वह सब जो पिता ने मुझे दिया है, वह मेरे पास आएगा।" कोई मनुष्य नहीं समझ सकता कि वह किस में है, या यह कैसे हैं सिवाये इसके कि यह आप पर परमेश्वर के द्वारा प्रगट ना किया जाए और फिर इसमें विश्वास, आप उसी के अनुसार व्यवहार करते हैं। समझे? यह हम स्पष्ट रूप में देखते हैं कि परमेश्वर यीशु में प्रगट हुआ और केवल वे जो पहले से ठहराये गए हैं कि इसे देखें इसे देखेंगे। पवित्र वचन पढ़ने में निश्चित हो जाए, मैं इसमें छोड़ देता हूं, संत यूहन्ना 6:44 से 46। मैंने इसमें छोड़ दिया क्योंकि मैंने सोचा संभव है हम कर देंगे... हो सकता है पर्याप्त समय ना हो कि इसे देखें, क्योंकि वहां घड़ी बस आगे बढ़ रहे हैं।

123 और इसलिए हम... आप ध्यान दें, "कोई मनुष्य, कोई मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता, जब तक मेरा पिता ही पहले उसे ना खींच ले। और सब जो पिता ने मुझे दिया है वे आयेंगे।" वे इसे पहचानेंगे। कोई दूसरा मनुष्य यह नहीं कर सकता, कोई दूसरा व्यक्ति। कोई मतलब नहीं वह कितना अच्छा है, आप कौन हैं, यह तो आप पर प्रगट होना ही है। तब आप देखते हैं कि यीशु मसीह कौन है।

124 अब यहां, पहले से ठहरा हुआ वाली योजना स्पष्ट दिखती है, जैसे कि दूसरा बीज परमेश्वर का वचन बीज है और उसके लिए भूमि पहले से तैयार करना। यदि आपने बीज बोया है, बस आप उसे भूमि पर फेंक दो, यह कुछ भला ना करेगा, चिड़िया उसे चूग लेगी। आप इसे कांटे–झाड़ियों में फेंके, यह इसे जल्द ही रोक देगा। यीशु के दृष्टांत ने यह कहा। इसलिए भूमि को पहले तैयार करना है। इसलिए परमेश्वर अपनी सर्वसत्ताक अनुग्रह में पहले हृदय को तैयार करता है, उसने आपको सृष्टि को रचने से पहले तैयार किया कि इस युग में उसे ग्रहण करें। वह अपने पूर्वज्ञान मैं आपको जानता है और अनंत जीवन के लिए आपको ठहराया। वह आपको जानता है, इसलिए उसने आपको तैयार किया।

125 यही कारण है कि आप इन चीजों से बाहर आ गए और जो आपके पास अब है उसमें आ गए। यह परमेश्वर ही था जो आपकी उस स्थान कि और अगुवाई कर रहा था जहां होने के लिए उसने आपको ठहराया। ये... या यदि—यदि—यदि यह भूमि पहले से तैयार ना की गई हो तो यह बढ़ नहीं सकता। यही कारण है कि विश्वास का बीज, जब आप विश्वास को प्रचार कर रहे हैं तो देखिए प्रभु का अंतर, और देखिए क्या घटित होता है और बाइबल के सारे वरदान कार्य कर रहे हैं, लोग स्वयं इस कार्य को करते हैं, "ओह हाल्लेलुय्या, मैं इसका विश्वास करता हूं," और आते हैं, और स्वयं को निराशा में पाया। देखिए, भूमि को ठहराया जाना है। और आप जानते हैं जब यह इस पर प्रहार करता है।

126 मेरे छोटे उकाब के समान गत रात्रि, यह जान गया जब उसने उस मां उकाब की आवाज को सुना, "मुर्गी की आवाज और उसके बीच में बहुत अंतर था।" देखिए, क्योंकि वह अंडे से ही उकाब था, ना कि... वह तब ही उकाब बना था, वह सदा से ही उकाब था। और एक मसीही सदा से ही था! यही कारण है, तलाक, जब आपने छोड़ा, क्योंकि आप इसमें फंसाये गए और अपने पहले अभिभावक, आदम और हवा के द्वारा। आप स्वभाव से पापी हो गए। आप होना नहीं चाहते थे, परंतु अब आपने सुसमाचार सुन लिया और "विश्वास सुनने से आता है," प्रकाशन सुनने से आता है। आपके अंदर कुछ छोटा सा है।

127 दूसरा व्यक्ति आप के बराबर में बैठा हुआ कहता है, "मैं इस चीज का विश्वास नहीं करता, निरर्थक! मैं इसका विश्वास नहीं करता। इससे

कुछ नहीं!”

128 जैसा उन्होंने पेंटीकोस्ट के दिन किया था, वे हंसे और बोले, “ये लोग नई मदिरा के नशे में है।” वे जानते थे कि ये... एक महान बात जो इनमें हो रही है। क्यों? यह परमेश्वर या जो स्वयं को उन पर व्यक्तिगत दर्शा रहा था। जबकी दूसरे हंसे, यह आनंद कर रहे थे, यह व्यक्तिगत प्रकाशन था, जो कि विश्वास है; विश्वास जो प्रगट किया गया। यदि यह विश्वास नहीं था, तो यह वहां पर नहीं होता। यह विश्वास था।

129 बीज को तो भूमि पहले ही से तैयार चाहिए, “इसलिए सब वह जिन्हें पहले से जानता है, उसने बुलाया। सबको उसने बुलाया... सब जिन्हें पहले रोजाना, उसने ठहरा दिया।” यदि आप पढ़ना चाहते हैं, रोमियो 8:28–34 और इफिसियों 1:1–5। देखिए, सब जिन्हें उसने पहले से जाना, उसने बुला लिया। सब जिन्हे बुलाया, उसने निर्दोष ठहराया और सब जिन्हें निर्दोष ठहराया उसने पहले ही महिमा प्रदान कर दी। कुछ भी क्रम से बाहर नहीं है। हम सोचते हैं यह है, परंतु पवित्र वचन में देखिए, यह ठीक परमेश्वर के वचन के साथ बैठता है कहा यह होगा। आज हम संदेश को अस्वीकार किया हुआ देखते हैं। क्या यह वह नहीं जो वचन ने कहा कि वे यह करेंगे? निश्चय ही, यह सारी चीजें परमेश्वर की ठहराई हुई है।

130 ओह, इस आपको प्रसन्न कर देना चाहिए। आज हमारे साथ यही परेशान है पुराने मसीहो से बहुत ही अंतर है। जब वास्तविक सच्चा, यीशु मसीह का प्रकाशन इम्मेनुएल के नाते उन पुरूषों के ह्रदयो में रहा वे मजबूत लोग थे। परंतु आज नामधारियों के द्वारा हमारी पीठ थपथपाई जाती है, “ओह, मैं आपको बताता हूं उनके पास प्रकाशन नहीं था, आप यहां पर आए।” आप *उनके* प्रकाशन पर निर्भर कर रहे हैं। यदि उनका प्रकाशन परमेश्वर के वचन के अनुसार नहीं है, तो यह गलत है; मेरा या किसी का भी यही जहां पर परख होती है। परमेश्वर का वचन बताता है, क्या सही और गलत है!

131 किसी भी बीज की अपनी भूमि होनी ही है, “इसलिए, सब जिन्हे उसने जाना... ” देखिये, वह पहले ही जानता था कि क्या घटित होने जा रहा है। ध्यान दें, यीशु ने फिर कहा, बीज के विषय में, “कुछ पत्थरों में गिरा, दूसरे मिली–जुली भूमि पर।” देखिए, जहां कांटे झाड़ियां और सब चीजें थी, यह

नहीं बढ़ सकता था। और दूसरे अच्छे भूमि में, अच्छी भूमि, अच्छी मिट्टी, जो कि तैयार की गई थी, पहले ही तैयार थी।

132 सारे मनुष्य यहां वह एक चूजे के समान है, वह देख रहा है ढूंढने का यत्न कर रहा है। वह *इसमें* यत्न करता है, वह *इसमें* यत्न करता, परंतु कुछ देर बाद अचानक एक आवाज स्वर्ग से आती है वह इसे पहचानता है, एकदम, "यह परमेश्वर का वचन है!" देखिये, वह इसे जानता है क्योंकि उसके ह्रदय में कुछ है जो उसे बताया गया था, इस विषय में उस पर प्रगट किया गया।

133 ध्यान दें, भविष्यवक्ता यशायाह ने कहा, "एक कुंवारी गर्भवती होगी।" कितनी विचित्र बात है। कैसे एक—एक मनुष्य अपनी सही मनोस्थिति में यह कह सकता था? कभी नहीं हुआ कि कुंवारी गर्भवती हुई हो, "एक कुंवारी गर्भवती होगी!" अब उसे यह कहने में चिंता नहीं, उसने बस यह कहा वह यह कैसे करने जा रही है? यह उसका काम नहीं! यह... यह कहना है जो परमेश्वर ने कहा वह यह करने जा रहा है। परमेश्वर ने यह उस पर प्रगट किया, उसे दर्शन दिखाया; इसे प्रगट किया और यह ठीक था।

134 उसी परमेश्वर जिसने मुझे बताया कि एक छोटा बालक उस पुरुष के द्वारा जन्म लेगा जिसके बालक नहीं हो सकता था, या एक लड़की। जैसे दूसरे और आदि यह कितना विचित्र है, जब डॉक्टर कहता है, "यह नहीं हो सकता!"

135 परंतु जो परमेश्वर कहता है, "यह होने जा रहा है," यह निर्भर करता है किस प्रकार का वचन जो गिरता है। स्मरण रखें, भविष्यवक्ता वहां खड़ा हुआ और उसका वचन आया।

136 जैसे परमेश्वर, उत्पत्ति एक में, उसने कहा, "उजियाला हो जा। *यह* हो जाये। *वह* हो जाये।" मनुष्य को अपनी छवि पर बनाया, परमेश्वर की स्वरुप पर उसने उन्हें बनाया, नर और नारी, और अभी पृथ्वी पर कुछ नहीं था। तब, यहां हम उत्पत्ति दो में पाते हैं, उसने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया, भूमि जोतने के लिए कोई मनुष्य नहीं था, सृष्टि के बनाने के बाद। यह क्या था? यह उसके वचन वह यह बोल रहा था। और जब वह बोला, उसने कहा, "उजियाला हो जाए।" संभव है उसके कहने के आठ सौ वर्षों बाद भी उजियाला ना हुआ हो, कोई उजियाला ना हुआ हो, परंतु उसने यह कहा! और जितने समय उसने यह कहा, "कि खजूर का पेड़ हो जाए।

बांज का वृक्ष हो जाए। *यह* हो जाए," वे बीज जल के नीचे बन रहे थे। यह ठीक बात है। और ऋतु और समय में, अपनी ही ऋतु में, यह आया! यह गिर नहीं सकता; यह परमेश्वर का वचन है। यह असफल नहीं हो सकता। यह प्रगट कर दिया गया।

137 अब एक दिन, परमेश्वर ने मनुष्य से आमने सामने बात की। परंतु मूसा के समय में जब आप गिर रही थी, उन्होंने कहा, "परमेश्वर ही... मूसा ही बोले; ना कि परमेश्वर, हम नष्ट हो जायेंगे।"

138 इसलिए, उसने कहा, "मैं उस से इस प्रकार बात नहीं करूंगा। मैं उनके लिए भविष्यवक्ता उठा खड़ा करूंगा।" इसी प्रकार से सदा परमेश्वर का विधान था।

139 अब, यहां भविष्यवक्ता खड़ा है; अब वह प्रेरणा में है वह अपनी बुद्धिमानी के विषय में सही सोच रहा था, "अब एक मिनट रुकिए। यदि मैं यह कहूंगा, भाई, आप लोग जानते हैं कि लोग सोचेंगे कि मैं पागल हूं।" देखिए, यह उसका ज्ञान है; यहां यह शैतान की सुन रहा है, जैसा कि हवा ने किया।

140 और जब तक डॉक्टर यह कहता रहता है, "आप जी नहीं सकते, आप चंगे नहीं हो सकते। आप *यह* या *वह* नहीं कर सकते।" जब तक आप यह सुनते हैं, तो बीज कभी भी सही उस प्रकार की भूमि में नहीं गिरेगा, और कुछ भला करेगा। यह नहीं कर सकता। परंतु जब कुछ पूरी रीती से नष्ट होकर, और यह उस तैयार भूमि पर गिरता है, तो उसे कोई और चीज नष्ट नहीं कर सकती।

141 अब, कोई मतलब नहीं यह कितना समय लेता है यह हो कर रहेगा। अब, उसने कहा, "एक कुंवारी गर्भवती होगी।" क्या आपको मालूम है यह इसके घटित होने के आठ सौ वर्ष पहले कहा? परमेश्वर ने स्त्री को पहले से ही जाना कि वह कौन होगी उसका क्या नाम था वह बीज कहां गिरेगा। क्या आप इसका विश्वास करते हैं? निश्चय ही, उसने किया! और एक स्वाभाविक गर्भ से उसका महान आश्चर्यकर्म होगा परमेश्वर को इस विषय में मालूम था, उसने बस इसे अपने भविष्यवक्ता पर प्रगट किया, जो कि आज्ञाकारी था, और वचन बोला यहां तक की इस विषय में बिना सोचे समझे कि यह क्या था, उसने बस यह कहा। उसने कभी भी तर्क करने का यत्न नहीं किया।

142 यदि आप तर्क करने का यत्न करते हैं... क्या हो यदि यह मनुष्य यह स्त्री या मनुष्य जो बैठा हुआ है या कोई तर्क करने का यत्न करें, "अब मैं इतने वर्षों से अपाहिज हूं। डॉक्टर कहता है, 'कोई भी संभावना नहीं है'"? भई हो सकता है जहां तक वह जानता हो, और यह सत्य है।

143 परंतु यदि कुछ उन झाड़ियों को तोड़ सकता है, यदि परमेश्वर अपने अनुग्रह के द्वारा, ना कि प्रचारक, कोई और नहीं। परंतु परमेश्वर को आपके हृदय में उस प्रकाशन को डालना है कि, "मैं चंगा होने जा रहा हूं," तो फिर कुछ नहीं है जो आपको वहां बैठा रहने दे। आपको कोई वहां नहीं रोक सकता, आप चंगे होने जा रहे हैं! परंतु जब तक यह नहीं होता, तो आप तब तक ठीक वहीं बैठे हैं जहां डॉक्टर कहता है कि बैठे रहो; जब तक यह घटित नहीं होता। इसे प्रगट होना ही है। यह परमेश्वर का अनुग्रह ही है कि इसे प्रगट करें।

144 अब ध्यान दें अब परमेश्वर को मालूम था कि यह स्त्री वहां पर आएगी ध्यान दें, यशायाह, वहां कोई प्रश्न नहीं था यशायाह, ने नहीं कहा, "प्रभु एक मिनट रुकिये!... आपने मुझसे क्या कहा, 'एक कुंवारी गर्भवती होने जा रही है'? अब, अब रुके, पिता, ऐसी कोई बात कभी नहीं हुई।"

145 वह झिझका नहीं, उसने बस कहा, "एक कुंवारी गर्भवती होगी!" ठीक है।

146 मरियम पर ध्यान दें: "अब, अब प्रभु एक मिनट रुके। आप जानते हैं मैंने कभी किसी मनुष्य को नहीं जाना। यह तो असंभव है! इस प्रकार तो कभी नहीं हुआ! ओह, ओह, नहीं ऐसा तो कभी नहीं हुआ। मुझे कैसे बालक उत्पन्न होने जा रहा है? मैं किसी पुरुष को नहीं जानती, इसलिए यह नहीं हो सकता! स्वर्गदूत तू गलती कर रहा है। मुझे दृष्टि भ्रम हुआ है। तू जानता है, मेरी कलीसिया कहती है, 'वे दिन बीत गए।'" नही! यह कभी भी ऐसे स्थान पर नहीं गिरा। मरियम ने कभी प्रश्न नहीं किया।

147 उसने कहा, "यह तो यह कैसे हो सकता है? मैं किसी पुरुष को नहीं जानती।"

148 उसने कहा, "पवित्र आत्मा तुझ पर छाया करेगा। इस प्रकार से यह होने जा रहा है।"

149 उसने कहा, "देख मैं प्रभु की दासी हूं!" कोई प्रश्न नहीं!

150 देखिये, यशायाह, जब परमेश्वर ने विचार में यशायाह के ह्रदय में वचन उत्पन्न किया (प्रकाशन) यह सहीं भूमि में गिरा, यह एक भविष्यवक्ता था। इस भविष्यवक्ता ने किसी मनुष्य कि बुद्धि की चिंता नहीं की, इसने किसी मनुष्य की चतुराई की चिंता नहीं की, उसने किसी मनुष्य व्यक्ति की चिंता नहीं की। वह परमेश्वर की समर्पित प्रणाली था और परमेश्वर बोला और वह बोला। बस यही। चाहे आधात पहुंचाए या ना पहुंचाये चाहे पागलपन लगे, चाहे पागलपन ना लगे इससे उसे कोई अंतर नहीं पड़ता, यह परमेश्वर या ना कि मनुष्य।

151 और जब वह वचन आया अब यह बीज हो गया इसे कहीं तो गिरना है। यदि यह परमेश्वर ने कहा है तो इसे कहीं गर्म में ही गिरना है। जैसा कि उसने कहा, "उनके लिए सारी चीजें संभव है जो विश्वास करते हैं। यदि तुम इस पहाड़ से कहो, कि 'हट जा,' और अपने ह्रदय में संदेह ना करो, तुम वह पा सकते हो जो तुमने कहा।" देखिए, इसे कहीं तो होना है, यह ठीक बात है!

152 अब ध्यान दें! हम पाते हैं यहां यशायाह ने यह कहा।

153 कुंवारी मरियम, जैसे ही... भूमि पहले ही तोड़ी गई थी वह एक कुंवारी थी वह "इधर–उधर नहीं भागी।" भूमि पहले ही तैयार हो गई थी, या परमेश्वर के पूर्व ज्ञान से ठहरा ली गई थी।

154 बोला भी गया, "वह एक कुवांरी थी।" तब ही परमेश्वर को मालूम था कि उसका क्या नाम होगा, उसका नाम स्वर्ग में जीवन की पुस्तक में था।

155 तब, यह प्रमाणित किया गया था। तब मनुष्य (मनुष्य को) प्रगटीकरण दिखाया गया इसका, कार्य के द्वारा, जबकि यह पहले ही हो गया था। अब हम पीछे मुड़कर देखते हैं और कहते हैं, "निश्चय ही, यह हो गया था," क्योंकि हम किए गए कार्य को ना हो गया देखते हैं।

156 उनके कार्य मनुष्यों पर प्रगट किए गए, कि उसका विश्वास परमेश्वर की प्रतिज्ञा में क्या था। अब, परमेश्वर नूह से मिला, और उसने कहा, "नूह, वर्षा होने जा रही है। मैं सारे संसार को जल से नष्ट करने जा रहा हूं।" अब, कभी भी वर्षा नहीं हुई थी, यह असंभावना थी। अब... नूह ने कहा, "इस नाप की नाव बना जिसके विषय में मैं तुझे बताऊंगा।" और वह बढई होने के नाते और वह कार्य पर गया और अपना बसूला लिया, और चीज तख्ता काटने को और शितीम लकड़ी के साथ लगाने को, और जैसा

उसने कहा राल को लगाया। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि लोगों ने उसके विषय में क्या सोचा?

157 उन्होंने कहा, "वास्तव में यह मनुष्य पागल है, क्योंकि यह कहता है, 'यह आकाश से जल आने वाला है,' और वहां कोई जल नहीं है।" परंतु आप देखिए नूह ने इस विषय में नहीं सोचा। उसका यह कार्य लोगों पर उसके विश्वास को प्रगट कर रहा था और जो परमेश्वर ने कहा वह घटित होगा।

158 यही कारण है वास्तविक मसीही स्वयं को संसार की हर चीज से अलग करता है सिवाये परमेश्वर के वचन के, कोई मतलब नहीं लोग क्या कहते हैं कोई क्या कहता है। उसने अलग किया क्योंकि... वह ऐसे ही नहीं कह रहा था यदि नहीं तो उसका कार्य इतना नहीं होता कि सब पर प्रगट हो जाता। वह वापस मुड़कर और *एक* ओर निकल जाता, *इसकी* या *उसकी* सदस्यता ले लेता। और आरंभ करता... वह दर्शायेगा कि वह क्या है। परंतु, यदि वह वास्तविक है, यदि परमेश्वर का वचन उसमें डाला गया तो यह अपने ही प्रकार का उगाएगा आप देखेंगे मनुष्य स्वयं को उस महान घड़ी के लिए तैयार कर रहा है। देखिए, नूह ने ऐसा ही किया।

159 मूसा, अपने हाथों में छडी लिए हुए, लोगों को फिरौन से लेने आया। अब क्या आप कल्पना कर सकते हैं... मूसा, बाइबल ने कहा कि उसे मिस्त्रियों की सारी बुद्धिमानी सिखाई गई थी। वह तेज था, वह उनकी बुद्धिमानी कि चीजें सिखा सकता था। उसे उनका सारा ज्ञान सिखाया गया था, उसे आवश्यकता नहीं थी कि अपनी शिक्षा को पकड़े रहे। अब, एक जंगल में एक व्यक्ति के विषय में सोचे, उस सारी शिक्षा के साथ और फिर परमेश्वर उस पर प्रकट हुआ और कहा, "मूसा, इस घड़ी को अपने हाथ में ले और मिस्त्र को चला जा, और मेरे बालकों को इस छड़ी के साथ जो तेरे हाथ में है ले आ। सारी बातों को इस छड़ी से साफ कर दे।"

160 अब क्या हो यदि मूसा ने यह कहा होता, "श्रीमान एक मिनट मैंने सोचा कि मैं एक बुद्धिमान व्यक्ति से बात कर रहा था, यह महान 'मैं हूं' जो कि तू कहता है कि तू है। अब, कैसे इस संसार में, मैं इस छोटी पुरानी छड़ी को लू जो यहां मेरे हाथ में है और लाखों लोगों की सेना, जो भालों और योद्धाओं से सुसज्जित है जीत लू और मैं योद्धा नहीं हूं, मैं तो एक चरवाहा हूं। मैं कैसे कभी यह कर सकता हूं? "

161 कोई प्रश्न ही नहीं होता क्या! क्यों? क्यों? भूमि उसके हृदय में थी! वह पहले से ठहराया हुआ व्यक्ति था। "वरदान और बुलाहट बिना प्रायश्चित के है।" परमेश्वर ने अब्राहम को बताया था कि वह यह करेगा और वहां भूमि तैयार थी।

162 और मूसा ने वह छड़ी ली और वहां चला गया और उस राष्ट्र को राष्ट्र में से निकाला। जब वह उस घड़ी को अपने हाथ में लिए हुए आया, और फिरौन को बताया, "उन्हें जाने दे!" फिरौन मूसा में कार्यों को देखा कि जो वह करने जा रहा था उसके लिए उसमें विश्वास था या करने का यत्न कर रहा था। उसमें परमेश्वर की प्रतिज्ञा के प्रति विश्वास था जिसने प्रतिज्ञा की थी, वह उसे लेने चला गया किसी और व्यक्ति ने यह नहीं किया था। और ना ही कोई दूसरा व्यक्ति इसे कर सकता था वह इसे करने के लिए ठहराया गया था। परमेश्वर ने पहले ही अब्राहम को बता दिया था कि यह जो होगा और जब प्रतिज्ञा का समय निकट आया तो एक छोटा लड़का जन्मा, एक सुंदर बालक। और माता–पिता अम्राम और योकेबेद राजा की आज्ञा से नहीं डरे, और देखिए वहां कुछ या भूमि पहले ही तैयार थी।

163 ओह परमेश्वर, मैं आशा करता हूं आज रात्रि में भूमि को तैयार करने पर बोल रहा हूं, यदि बीज यही स्थान पर गिर सकता है और यह कुछ... यदि यह नहीं, तो यह घटित नहीं होगा।

164 यह वही बात है। "क्यों," वे कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, इस प्रकार की बात हमसे मत कहो।" यदि यह करता है, तो यह मसीहत से भी ले जाता देखिए आप किसी भी चीज की नकल कर सकते हैं। परंतु यदि... यदि यह वास्तव में गिरता है, परमेश्वर का वचन सही प्रकार की भूमि में गिरता है, तो यह अपने ही प्रकार को ले आता है। इसे करना है, क्योंकि यह एक बीज है।

165 नूह... मूसा, उसके कार्य परमेश्वर की प्रतिज्ञा में विश्वास का प्रगट होना जिसका उसने विश्वास किया। फिरौन, एक मनुष्य देख सकता था कि वह क्या था। ना कि... वह यह नहीं देख सकता था कि मूसा यह कैसे करने जा रहा है, परंतु वह जान गया मूसा ने विश्वास किया कि वह किस विषय में बात कर रहा है या फिर वह झड़ी को हाथ में लिए हुए महल में ना खड़ा होता। कहा, "इस छड़ी के द्वारा, मैं तुझसे उन सबको निकलवाऊंगा।" एक बूढ़ा मनुष्य अस्सी वर्ष का, खिलाड़ी नहीं, एक बूढ़ा मनुष्य; झुके हुए

कंधे, दाढ़ी नीचे लटक रही है, संभवता कमर तक; सफेद बाल, यदि उसके थे। और वहां छड़ी उसके हाथ में, कह रहा है, "'मैं उन्हें निकालने जा रहा हूं, लोगों को जाने दे,' यहोवा यों कहता है। और यदि तू यह नहीं करता तो परमेश्वर तेरा न्याय करेगा।" आमीन! क्यों? यहीं है... क्या वह डरा था? क्यों, बस एक तीर, एक भाला, कोई भी चीज उसका अंत कर सकती थी। वह निडर था! वह ठीक जानता था कि वह कहां पर खड़ा था; कहा, "फिरौन, परमेश्वर तुझे मारेगा।" जी हां, श्रीमान।

166 क्योंकि परमेश्वर ने उसे बताया, "कि तू इस पहाड़ पर फिर आएगा," और वह जान गया कि वह वहां जा रहा है।

167 हाल्लेलुय्या! हम भी जानते हैं कि हम कहां जा रहे हैं, इस यात्रा के अंत में। परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है! नदी के पार एक देश है। अपनी गवाही में निडर बनो। आमीन। यदि यह आप पर प्रगट कर दिया आप निडर है आप चिंता नहीं करते यदि सारा संसार... वे क्या कहते हैं; आप निडर है। जब यह आप पर प्रगट हो गया, "यह सत्य परमेश्वर के पास से आ रहा है," तब आप निडर हो जाते हैं, या नहीं तो आप नहीं हो सकते।

168 दाऊद चरवाहे की गोफन के साथ, उसने इस्त्राइल की समस्त सेना पर प्रगट कर दिया, कि जो उनका विश्वास उनके परमेश्वर में था। अब दूसरी और गोलियत था, और वह वहां खड़ा हुआ और अपनी डिंग मारी, दाऊद से कई गुना बड़ा, उसकी उंगलियां चौदह इंच की थी। वह एक दानव था, बड़ा लंबा चौड़ा, पलिश्तींनी दैत्य। और यहां दाऊद था छोटा सा वह सेना के लिए भी बहुत छोटा था, बहुत कुछ नाटा वे उसको प्रयोग नहीं कर सकते थे, इसलिए उसके भाई वहां सेना में थे। और, फिर, गोलियत अपनी डींगे मार रहा था।

169 परंतु दाऊद, अब स्मरण रखे, दाऊद पर यह प्रगट कर दिया गया था। उसने सोचा, "यहां जीवते परमेश्वर की सेना है, अपने ही देश में खड़ी है, और वहां खतनारहित पलिश्तीं डींगे मार रहा है।" हम उसे "कैंसर" कहेंगे, आज रात्रि, हम उसे "लकवा" कहेंगे।

170 क्यों, दाऊद का उससे किसी भी प्रकार का मेल नहीं था किसी भी हथियार के साथ; उसका कोई मेल नहीं। उस व्यक्ति के कंधे दस, बारह फीट चौड़े हो; संभवता वह चौदह, पंद्रह फुट ऊँचा सा खड़ा हो। एक भाला

जुलाहे की डोगी के समान, संभवता बीस इंच लंबी, उसके ऊपर का ब्लेड हो सकता है, चार इंच चौड़ा हो।

171 और एक छोटा दाउद छोटे से चमड़े का टुकड़ा दो रस्सियों से बंधा हुआ उसके साथ खड़ा हो, जो कि बकरी या भेड़ की खाल का हो। परंतु उस पर यह *प्रगट* हो गया था! प्रकाशन उसको मिला! आमीन! उसने कहा, “परमेश्वर जिसने मुझे भालू के पंजे से छुड़ाया, जिसने मुझे सिंह के पंजे से छुड़ाया, तो वह इस खतनारहित को मेरे हाथ में कितना कर देगा!”

172 उसके भाई, इससे अधिक योग्य थे कि यह करें। शाऊल, के कंधे उसकी सारी सेना के ऊपर थे। परंतु, आप देखते हैं, यह उन पर प्रगट नहीं हुआ। आमीन। यही है: यह उन्होंने विश्वास किया कि यहां किया जा सकता है, उन्होंने विश्वास किया कि परमेश्वर यह कर सकता है, परंतु उन पर यह प्रकाशन नहीं था; परंतु यह दाऊद पर प्रगट किया गया। अब, वहां यही भिन्नता थी, वहीं पर। यदि यह पूर्ण रीति से आप पर प्रगट हो गया है कि परमेश्वर आप को चंगा करने जा रहा है, आप—आप इसे लेने जा रहे हैं। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] तो आप इसे पाने जा रहे हैं। मैं चिंता नहीं करता कि आपके साथ क्या है, क्या अजीब बात है, यह दाऊद और गोलियत से भी बुरा हो सकता है। परंतु यदि यह आप पर प्रगट हो गया!

173 और जब यह प्रगट हो गया, दाऊद निडर हो गया। उसने कहा, “मैं आज तेरा सिर काट दूंगा!” आमीन। यह हमारा परमेश्वर है। अनुग्रह के द्वारा, संकट की घड़ी में जब निर्णय लेना होता है, वही परमेश्वर जिसने उस दिन अनुग्रह उत्पन्न किया और विश्वास का बीज उस छोटे से झुके से दिखने वाले लड़के में डाला उसके ह्रदय में होकर; वही परमेश्वर इस संकट की घड़ी में उस स्त्री को पहियेवाली कुर्सी से उठा सकता है; *वह* पुरुष, *यह* महिला यहां पर; *वह* बालक; वो... ? ... यह छोटा सा बीज विश्वास का आप पर प्रगट किया गया, तब मैं चिंता नहीं करता यह कितना समय लेता है।

174 अब उस दैत्य पर ध्यान दे उस और, इसका विश्वास नहीं किया गया ना ही कैंसर करेगा। वह हंसा, उसने कहा, “क्या मैं कुत्ता हूं? तुमने इस बालक को मुझ से लड़ने को भेजा है? ” कहा, “मैं तुझे अपने भाले कि

नोक पर उठा दूंगा और चिड़ियों को तेरा मांस खाने को दूंगा।" क्यों, उसके पास सब था... सब कुछ उसके पक्ष में।

175 परंतु, आप देखिए इससे दाऊद तनिक भी विचलित ना हुआ। क्यों? उस पर प्रकट कर दिया गया था। उसे उसमें जो वह कर रहा था विश्वास था। वह जान गया कि वह इसे करने जा रहा है। और उसने यह किया क्योंकि उस पर यह प्रगट किया गया और वह जानता था कि वह कहां खड़ा है।

176 और यदि परमेश्वर जरा सा बोला कि आज रात्रि तुम्हारे हृदय के भीतर, कहा, "कि तुम अब पलंग पर पड़े रहने वाले नहीं. तुम कुर्सी पर बैठे रहने वाले नहीं। तुम चंगे होने वाले हो," कोई भी चीज आपके मस्तिष्क को बदल नहीं सकते।

177 परंतु जब तक यह नहीं होता हर प्रचारक संसार में प्रार्थना कर सकता है... मैं नहीं कहता कि आपकी सहायता नहीं करेगा; यह करेगा यह आपका साहस बढ़ाएगा। परंतु जब तक वह विश्वास नहीं होता... देखिए चंगाई की सामर्थ आपके अंदर है, यह प्रचारक में से नहीं आती। यह आपके पास प्रकाशन के द्वारा विश्वास के द्वारा आती है, "ना तो बल से न शक्ति से परंतु मेरे आत्मा के द्वारा," प्रभु ने कहा। "मेरा आत्मा, अनुग्रह के द्वारा यह पर प्रगट होता है।" और कोई इसे ले नहीं सकता। विश्वास के द्वारा प्रकाशन! तब, दाऊद को इसे कार्यों से सिद्ध करना है...

178 अब उनमें से कुछ ने कहा है, "मैं जानता हूं कि तू नटखट है।" उसके भाई ने कहा, "तू यहां लड़ाई देखने आया है। अब, तू वहीं जहां भेड़े हैं वापस भाग जा।"

179 उसने कहा, "मुझे शाऊल से बात करने दो, वह जनरल।" आप समझे?

180 और शाऊल ने कहा, "अब पुत्र, मैं तेरे साहस की सराहना करता हूं, परंतु, तू देख तू कुछ नहीं केवल एक युवा है। वह अपने लड़कपन से योद्धा है, तेरी उसके साथ कोई तुलना नहीं।"

181 उसने कहा, "मैं अपने पिता की भेड़ बकरियों की रखवाली कर रहा था... " वह इसे किसी पर आधारित कर सकता था! आमीन। ओह भाई! और परमेश्वर जिसने आपका प्राण बचाया, क्या आपकी देह को चंगा नहीं कर सकता? यह ठीक वैसा ही है, आप पर प्रगट करता है, वह आपका चंगा

करने हारा है जैसे वह आपका बचाने वाला है। समझे? परंतु इसे पहले प्रगट होना है यही अंतर है उसके पास उसके विश्वास के लिए आधार था।

182 कहा, “अब यह पहले कभी नहीं हुआ।”

183 परंतु कहा, “वही परमेश्वर जिसने मुझे सिंह के पंजे से बचाया, मुझे खतनारहित पलिश्तीं के हाथों से बचायेगा।”

“दाऊद, तूने कैसे जाना? ”

“मैं इसका विश्वास करता हूं”

“क्यों? ”

“यह मुझ पर प्रगट किया गया।” और उसने कहा...

184 वह जानता था कि वह किस विषय में बात कर रहा था। क्योंकि जब उस दैत्य ने कहा, “मैं तुझे चिड़ियों को खिला दूंगा”; उसने कहा, “मैं तेरा सिर काटने जा रहा हूं।” यही भिन्नता है, देखिये। और उसने यह किया।

185 शिमोन, एक दिन पकड़ा गया बड़े मैदान में, और हजारों पलिश्तीं उस पर आ पड़े। और उसने भूमि पर देखा जहां खच्चर भर गया था, और उसने पुराना जबड़ा उठाया, जबड़े की हड्डी सूखी हुई थी, जितनी हो सकती थी और पलिश्तींयो को दौड़ाया उनके सिर पर यह पुरानी हड्डी खच्चर की उस से वार किया, और जहां तक मैं जानता हूं कि उसमें से एक दांत भी ना गिरा। और पलिश्तींयो के टोप लगभग इंच भर मोटे (क्योंकि उन दिनों में वे मुकद्दर से एक दूसरे पर वार करते थे), अपने को एक दूसरे के सिर पर के वार से बचाने के लिए। परंतु उसने खच्चर कि जबड़े की हड्डी ली और हजार पलिश्तींयो को पीटा और जबड़ा कभी नहीं टूटा नहीं। वह उन पर *इस* प्रकार से वार करता रहा जैसे ही वे आते बाकी उनमें से चट्टानों में भाग गए, वे उससे भाग रहे थे। क्यों? उसने इसका विश्वास किया! कभी–कभी निश्चय ही...

186 अब मैं आपको कुछ बताना चाहता हूं उस स्पन्दन पर कार्य करें वे अल्प क्षण जैसे यहोशु ने किया जैसे मरियम मगदलीनी ने किया, और उन सब ने। बस वह क्षण जब आप पर कुछ प्रगट किया जाता है झपट ले। उसे पकड़ ले उस अल्प क्षण को।

187 जी हां, उस पर यह प्रगट किया गया। वह उन हजारों को फिलीस्तीनियों का मुकाबला करने गया। अब आप क्या सोचते हैं जब पलिश्तींयो ने कहा,

"अब देखो वह आ रहा है वह छोटू; केवल साढ़े चार फुट का इतना ही है, आरम्भ से; सात लटे पीछे लटक रही है, जैसे माता का दुलारा हो खच्चर के जबड़े के साथ आया, हमें देखो हम कितनी बड़ी सेना है! क्या यह हास्यपद नहीं? " परंतु वह क्या कर रहा था? वह पलिश्तींयो पर यह प्रगट कर रहा था कि उस पर परमेश्वर के द्वारा क्या प्रगट हुआ है। उसने जबड़े की हड्डी उठाई और निकाला क्योंकि यही जो उसने हाथ में पकड़ा; उसने यह हाथ में लिया, यही जो उसने विश्वास किया था: वह यह कर सका! और ऐसा करने के द्वारा वह पलिश्तींयो पर यह प्रगट कर रहा था कि परमेश्वर ने उसके ह्रदय में करने के लिए क्या डाला है।

188 यूहन्ना बप्तिस्मा देने वाले ने अपना विश्वास कामों से प्रगट किया, और जब उसने कहा "वहां अब तुम्हारे बीच में एक खड़ा है।" इस पर जरा सोचें। संत यूहन्ना, मेरे पास वचन है, संत यूहन्ना 1:26, देखिये। उसने कहा...

189 उन्होंने कहा, "तू कहता है, 'मसीहा आ रहा है'? क्यों," कहा, "मनुष्य, तेरे साथ क्या मामला है? हम उसकी प्रतीक्षा चार हजार वर्षों से कर रहे हैं।"

190 उसने कहा, "वह अब ठीक तुम्हारे मध्य में खड़ा है।" हाल्लेलुय्याह! ऐसा ही वह आज रात्रि है!

191 उसने अपना विश्वास प्रकाशन के द्वारा प्रगट किया, क्योंकि यह उस पर प्रगट किया गया था... वह जानता था कि वह मसीह को बप्तिस्मा देगा। वह मनुष्य तीस वर्ष का था। उसे मालूम था उसे वहीं कहीं होना चाहिए; वह यह कभी नहीं जान पाया कि वह कौन था और वह ठीक वहां पर खड़ा था उनके मध्य में। उसने कहा, "एक तुम्हारे मध्य में खड़ा है, जिसे तुम नहीं जानते, और मैं इस योग्य नहीं कि उसके जूते का तस्मा खोलूं, परन्तु वह तुम्हें पवित्र आत्मा से बपतिस्मा देगा। और अब वह ठीक तुम्हारे मध्य में है।" उसने यह प्रकट किया, उसका विश्वास, क्योंकि वह जान गया था, उसके दिन में वह उसे देखेगा और परमेश्वर के मसीहा को बपतिस्मा देगा। इसलिए, आप देखिए, लोग उस पर वह भाव देख सकें, मार्ग पर वह प्रचार कर रहा था और जिस प्रकार वह व्यवहार कर रहा था, वह यह प्रगट कर रहा था, कि उसके पास सच्चा प्रकाशन परमेश्वर की ओर से था।

192 अब, यह सिद्ध करने के लिए कि यह सत्य था मसीहा भीड़ में से निकलता हुआ आया, एक साधारण नवयुवक वहां से चलता हुआ आया,

दूसरे के समान कपड़े पहने हुए। यूहन्ना ने कहा, "देखो, यह परमेश्वर का मेमना है जो संसार के पाप उठा लिए जाता है।"

193 "तू उसे कैसे जानता है? "

194 उसने कहा, "वह जिसने मुझसे जंगल में कहा, 'जिसके ऊपर तू आत्मा उतरते देखे, वही होगा जो पवित्र आत्मा से बपतिस्मा देगा।'"

195 देखिए, वह उसे जानता था क्योंकि वहां उस समय के लिए चिन्ह होना था। (क्या आप इसे समझ रहे हैं?) यूहन्ना उस घड़ी के विषय में जानता था क्योंकि वहां भविष्यवक्ता था, यह उस पर प्रगट किया गया कि वह उस समय के विषय में जानेगा वह एक चिह्न देखेगा। और जब उसने वह चिन्ह देखा उसने कहा, "वह तुम्हारे बीच में खड़ा है।" वह जानता था कि यह वहां पर है।

196 ओह, मैं चिन्ह देखता हूं कि अंत समय यहां पर है। मैं उन चीजों को देखता हूं जिसकी प्रतिज्ञा हुई है, इस अंत समय के संदेश के लिए घटित हो रहा है (खुल रहा है) ठीक वैसे ही जैसा वचन ने कहा। और मैं जानता हूं कि समय निकट है! मैं यह बिना झिभक्त के कहता हूं। मैं विश्वास करता हूं कि बहुत समीप है क्योंकि मैं चिन्हों को देखता हूं, जो उसने कहा कि घटित होगा ठीक उस समय से पहले। *अब* यह घटित होने के लिए तैयार है।

197 परमेश्वर ने जो उस पर प्रगट किया था, यूहन्ना ने उसमें अपना विश्वास प्रगट किया। इसलिए कार्य विश्वास की गवाही है। जब वे आप को चंगा हुए के समान व्यवहार करते देखते हैं, तब वे जान जाते हैं कि आप में विश्वास है कि आप चंगे हो गए है।

198 गवाही क्या करती है? यह कह रही है: "कि अब यह मेरे पास है, क्योंकि मैंने परमेश्वर की प्रतिज्ञा ग्रहण की है। यह अब मुझ मैं कार्य कर रही है। मैं इसके घटित होने के लिए तैयारी कर रहा हूं।" ओह। देखिए, यही आपके... कार्य करते हैं। भई, निश्चय ही!

199 यहां कुछ समय पहले अपनी अंतिम अफ्रीका यात्रा के पश्चात मैं इस वसंत में वहां पर था परंतु इसके पहले की यात्रा। वहां एक छोटा बालक था जिसका पाव मोटा था, और एक पैर... एक पांव दूसरे पांव से छोटा, इसने जीवन में कभी भी जूता नहीं पहना और यह बहुत ही बुरी तरफ मुडा–तुड़ा था। और रात्रि मैंने बालक के लिए प्रार्थना करी उन्होंने देखा और उन

चीजों को होते देखा उन्होंने बालक के लिए प्रार्थना की। और अगली प्रातः मैं गया एक जूते की दुकान के पास से निकला। और मैं उसमें गया और वहां वह बालक व्यक्ति बालक के पहने के लिए जूते का एक जोड़ा खरीद रहा था। उसने इसका विश्वास किया! ओह!

200 यहां इस व्यक्ति के समान जिसने विश्वास किया कि परमेश्वर उसको बालक देगा। निश्चय ही, उसने विश्वास किया कि यह होने जा रहा है और इसके लिए तैयार हो गया। "मैं तैयारी कर रहा हूं," यद्यपि कोई भौतिक परिणाम अभी नहीं दिखाई पड़ा, परंतु इससे तनिक भी अंतर ना पड़े उसने इसका अब्राहम के समान, विश्वास किया "किसी भी वस्तू को बोला, यदापि वह वहां पर ऐसा नहीं था," वहां!

201 इसलिए, यदि आपकी बुद्धि आपको बताती है... ओह यहां पर वह करारी चोट है। यदि आपकी बुद्धि आपको यह बताती है, "यह सत्य है, परमेश्वर बीमारी को चंगा करने वाला है," आपका मस्तिष्क गवाही दे सकता है कि "यह सत्य है," परंतु यदि वहां तैयार भूमि नहीं है आपके ह्रदय में (विश्वास को उसमें गिरना है) कि इसे प्रगट करें यह घटित नहीं होगा। नहीं। कितना...

कोई मतलब नहीं कितना ही यह बाहरी व्यक्ति इस पर वचन के साथ तर्क करता रह सकता है, और कहता है, "यह ठीक है," यह अब भी इसे ठीक नहीं करता।

202 कितने टेंपो को लेते हैं? क्या आपको मेरा उद्देश्य मिला, जो अधिक समय नहीं हुआ, *अंत समय के अभिषेक*? क्या आप उसका विश्वास करते हैं? देखिए, इसमें कहा है, "मसीह विरोधी होंगे। वे मसीही विरोधी, यदि हो सके तो चुने हुओं को बहका देंगे।" यह हो सकता है... नहीं हो सकता, क्योंकि यह संभव नहीं है; वे चुने हुए हैं। समझे? ठीक है।

203 परंतु उसने कहा, "अभिषिक किये हुए।" देखिए, *मसीह* का अर्थ "अभिषिक किया हुआ" परंतु ये विरोधी थे। वे चुने हुए थे, परंतु विरोधी, मसीहा के विरोध में अपनी शिक्षा में। अब ये कुछ भी कर सकते थे जो वे बाकी कर सकते थे।

204 अब, स्मरण रखे, आप तीन के चक्र में है, परंतु आप एक व्यक्ति हैं जैसे पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा तीन का चक्र परंतु एक व्यक्ति। तीन गुण एक

ही परमेश्वर के: पिता का गुण (जैसे तीन कार्यस्थल), पितृत्व, पुत्रता और पवित्र आत्मा। और आप: देह, आत्मा, और प्राण।

205 अब, देह के बाहर इसमें पांच भीतर आने के द्वारा है, ताकि अपने पृथ्वी के घर से संपर्क करें: देखना, चखना, स्पर्श, सूंघना और सुनना। भीतर में, जो कि आत्मा है इसके पांच इंद्रियां है: विवेक और प्रेम और आदि–आदि। परंतु इसके भीतर प्राण में, एक ही चीज है। जहां *आप* रहते हैं।

206 आत्मा यहां आ सकता है और आपसे निश्चित चीज करवाने के लिए आपको अभिषिक करता है और आप इसे करते हैं, परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि आप बच गए हैं। इस पर विचार करें। कैफा ने भविष्यवाणी की। यहूदा ने शैतान निकालें। देखिए, आत्मा ने उसका अभिषेक किया। यह वर्षा धर्मी और अधर्मी दोनों पर पड़ती है झाड़ियां भी गेहूं के संग आनंद कर सकती है, परंतु यह क्या है जो भीतर बसा हुआ है। यह जहां आप बुद्धि से इसे स्वीकार कर सकते हैं कहते हैं, "ओह, निश्चय ही, यह अच्छा दिखाई पड़ता है, मैं यह विश्वास करता हूं।" यह अब भी इसे नहीं करता। नहीं, श्रीमान। और आत्मा वास्तव में इसकी गवाही दे सकता है, और फिर भी यह ऐसा नहीं है। क्योंकि यदि वह प्राण परमेश्वर की ओर से नहीं आया है, यह सारी नकले यहां कर सकता है, परंतु यह वास्तविक नहीं हो सकता। आप चंगाई का व्यवहार कर सकते हैं, आप ऐसा व्यवहार कर सकते हैं जैसे कि यह आपके पास है। आप ऐसा व्यवहार कर सकते हैं, जैसे आपने पा लिया है। मसीह ऐसा व्यवहार कर सकते हैं जैसे कि वे मसीह है, और करते और इसमें अच्छे होते हैं, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि वे बच गए। यह बिल्कुल ठीक बात है। आत्मा वहां हो सकता है वास्तविक मूल आत्मा, पवित्र आत्मा आपको अभिषेक दे सकता है अब भी इसका अर्थ यह नहीं कि आप बच गए। यह वह भीतर का प्राण है, जो कभी नहीं मरता इसमें अनंत जीवन है यह सदा से अनंत जीवन था। समझे? यह परमेश्वर से आता है, यह परमेश्वर के पास जाता है, यह प्राण है।

207 अब, इस पर ध्यान दें इसे होना ही है। पांच, F–a–i–t–h बाहर; आत्मा J–e–s–u–s भीतर; आपके अंदर, आप y–o–u। समझे? इस प्रकार से यहां खड़ा है आपको देख रहा है मैं आप में से एक को भी नहीं जानता। आत्मा मुझे अभिषेक कर सकता है मैं अब भी आप में से किसी को नहीं जानता। परंतु जब भीतर के भीतर टूटता है, जो परमेश्वर है।

208 यही जहां बाहर पाल तर्क कर सकता है। आप एक मनुष्य को लेते हैं, कहते हैं, "भई, आप जानते हैं, मैं—मैं जानता हूं कि मुझे व्यवहार नहीं करना चाहिए। परंतु आप जानते हैं तब आत्मा मुझे बताता है, मुझे व्यभिचार नहीं करना चाहिए। परंतु, आप देखिए वहां भीतर अब भी वह बात वहां पर है," देखिए, यह एक प्रकार से नियंत्रण करता है और ठीक से ध्यान दें।

209 परंतु जब यह निर्देश भीतर से आता है, तब यह सब मिला कर बाहर फेंक देता है। यह मार्गदर्शक स्तम्भ है। यह नियंत्रण की मीनार है, भीतर के भीतर। प्राण आत्मा को नियंत्रित करता है, आत्मा शरीर को नियंत्रित करता है।

210 इसलिए बाहर की ओर से सफेदी है, इससे कोई अंतर नहीं पड़ता। वे धार्मिक लोग पहले के, जिनको पौलुस "पुती हुई दीवार," कहता है और आदि–आदि, वे (बाहर से) हर प्रकार से... एक विश्वासी और उन्होंने उनके मध्य में भविष्यवाणी की और सब कुछ परंतु *भीतर के भीतर* ("*प्राण* जो अ विश्वासी है")

211 यही कारण है मैं कहता हूं लोग उछल कूद कर सकते हैं और अन्य भाषा बोल सकते हैं लोग चिल्ला सकते हैं बिमारों को चंगा करते और आदि–आदि, विश्वास के द्वारा; यह सारी महान बातें आत्मा के द्वारा अब भी नष्ट है। अभिषेक किए हुए।

212 ध्यान दें, यीशु ने कहा, "केवल विश्वास करो, विश्वास करने वाले के लिए हर चीज संभव है।" विश्वास और कार्य यह दोनों पति पत्नी हैं, यह एक साथ कार्य करते हैं। पति पत्नी के साथ कार्य करता है, पत्नी पति के साथ; ये एक दूसरे को प्रमाणित करते हैं।

213 जैसे एक पुरुष कहता है कि वह "विवाहित" है और फिर भी वह उत्पन्न नहीं कर सकता और जितनी नहीं दिखा सकता तो आप उसके दावे पर संदेह करते हैं। समझे? एक मनुष्य ने कहा, "मैं विवाहित हूं।"

"आपकी पत्नी कहां है? "

"ओह, ओह, मैं—मैं *उसके* विषय में नहीं जानता।" समझे? समझे? मेरे लिए कठिन बात है कि मैं उसका विश्वास करूं।

मैं कहता हूं, "भाई आपकी पत्नी कहां है? "

“भई, मुझे नहीं मालूम।” मैं इसका विश्वास नहीं करूंगा।

214 इसलिए, आप देखिए जो आप कहते हैं आपके पास है तो है, “मेरे पास विश्वास है,” आप मुझे कैसे दिखाने जा रहे हैं कि आपके पास विश्वास है? अपने कामों के द्वारा। समझे?

“मैं विवाहित हूं।”

“आप कैसे जानते हैं कि आप विवाहित हैं?”

“यह मेरी पत्नी है।” समझे? आप इस स्थिति में है।

“मैं विवाहित हूं, यह मेरा पति है।”

“मैं चंगा हो गया।”

“आप कैसे जानते हैं?”

215 “मेरे कार्य मेरे विश्वास को दर्शाते हैं।” समझे? समझे? अब आप किस विषय में बात कर रहे हैं: आपका विश्वास वह है, जो परमेश्वर आपके अंदर देखता है, आपके कार्य वह है जो दूसरे लोग आप में देखते हैं।

216 यही भिन्नता के लिए यहां याकूब और पौलुस, अब्राहम की व्याख्या करता हैं। वे कभी कभी भी परस्पर विरोधी नहीं, वे दोनों एक ही थे; विवाहत।

217 ऐसा विश्वास जो कार्य नहीं करता, किसी को भी अधिकार है कि आपकी की गवाही पर संदेह करें। अब क्या आप इसे सुनते हैं, इसके पहले कि हम प्रार्थना पंक्ति आरंभ करें? यदि आपका विश्वास इसके साथ कार्य ना करें तो आप किसी को विश्वास नहीं करवा सकते हैं कि आप चंगे हो गए हैं। कहते हैं, “भई, मैं नहीं जानता।” समझे? “क्यों, हां, निश्चय ही संसार का सारा विश्वास मेरे पास है।” आपके पास नहीं है। क्योंकि, यदि आपके पास विश्वास है तो फिर कार्य विश्वास से विवाहित है। वे पति और पत्नी है, एक—एक दूसरे को प्रमाणित करता है।

218 आईये एक मिनट के लिए अब्राहम के विषय में सोचे। अब्राहम का पवित्र बंधन पूरा था, देखिए, उसके पास सारी चीजें साथ साथ थी। उसने अपने विश्वास के विरुद्ध वाली बातों को ऐसा माना जैसे कि वे ना हो; और उसी सिद्धांत पर और कार्य किया। मैं कल्पना कर सकता हूं, लगभग बीस वर्षों के पश्चात कोई आया और बोला “राष्ट्रों के पिता? ओह! अब्राम तूने कहा

कि तेरा नाम '*अब्राहम,*' था जिसका अर्थ *राष्ट्रों का पिता*। इस समय तेरे पास कितने बालक है, अब्राहम? " समझे?

219 उसे इससे जरा भी ठोकर ना लगी। बाइबल ने बताया, "वह परमेश्वर के वचन से जरा भी ना डगमगाया, अपने अविश्वास के द्वारा।" वह तैयारी में आगे बढ़ता रहा, सारी छोटी–छोटी जूतियां तैयार करता रहा और चिड़ियां, आंख और सारी चीजें, उसे "वह बालक पाने जा रहा था।" बस।

220 यहां तक कि साराह ने कहा, "तुम जानते हो कि क्या होने जा रहा है? तुम्हें बालक मिलने वाला है, परंतु मैं आपको बताती हूं किस प्रकार तुम्हें बालक मिलने जा रहा है। अब हाजरा मेरी दासी है, मैं उसे तुझे दूंगी।" क्योंकि, तब बहु विवाह मान्य था। "और उसके बालक होगा और उस बालक को मैं अपने लिए ले लूंगी।" परंतु अब्राहम ने इसका विश्वास ना किया। नहीं, वह यह नहीं करेगा, परंतु साराह इसको करने के लिए प्रेरित थी।

221 इसलिए परमेश्वर ने अब्राहम को बताया, "जाकर उसकी सुन," परंतु उसने कहा, "फिर ये वह नहीं है जिसकी मैंने तुझे प्रतिज्ञा दी। मैंने इस प्रकार से प्रतिज्ञा नहीं की।"

222 अब ध्यान दें, उसने किसी भी "विरोधी," बात को कहा और उसका शरीर तब मृत: प्राय सा था ऐसी ही सारा का गर्भ। अब वह बूढ़ा पुरुष सौ वर्ष का साराह नब्बे वर्ष की। अब ध्यान दें! अब सारा का गर्भ निष्क्रिय या उसका मरण सन सा शरीर उसे पर भी विचार नहीं किया।

223 इसे सुनिये:

> *क्योंकि यह प्रतिज्ञा की वह जगत का वारिस होगा, ना अब्राहम को न उसके वंश को व्यवस्था के द्वारा दी गई थी, परंतु विश्वास की धार्मिकता के द्वारा मिली।*
>
> *क्योंकि यदि व्यवस्था वाले वारिस है तो... व्यवस्था से वारिस है, तो विश्वास व्यर्थ और प्रतिज्ञा निष्फल ठहरी:*
>
> *व्यवस्था तो क्रोध उपजाती है: और जहां व्यवस्था भी नहीं, वहां उसका टलना भी नहीं।*

224 अब, इसे सुने,

> *कौन आशा के विरोध में...*

"आशा के विरोध में," सारी आशा चली गई थी! ओह, हर बार मैं उस छोटी सी अनुभूति पर जाता हूं "नीला नक्शा," यहां वह अध्याय है, जो मैंने निकाला रोमियो चार, देखिए।

(जैसा कि यह लिखा है, मैंने तुझे राष्ट्रों का पिता... ठहराया) उस परमेश्वर के साम्हने जिस पर उसने विश्वास किया और जो मरे हुओ को जिलाता है, और जो बातें हैं ही नहीं उनका नाम ऐसा लेता है कि मानो वे है। ("परमेश्वर ने ऐसा कहा!" समझे?)

उसने निराशा में भी आशा रख विश्वास किया; इसलिए कि उस वचन के अनुसार... कि तेरा वंश ऐसा होगा, वह बहुत सी जातियों का पिता हो।

225 अब 19 वा पद सुने।

और वह जो एक सौ वर्ष का था, अपने मरे हुए से शरीर और सारा के गर्भ की मरी हुई की सी दशा जानकर विश्वास में निर्बल ना हुआ

और ना अविश्वासी होकर परमेश्वर की प्रतिज्ञा पर संदेह किया; पर विश्वास में दृढ होकर परमेश्वर की;

226 सौ वर्ष कि आयु में? देखिए, अब उसकी देह मरी हुई (उसका पुरुषत्व) और साराह का गर्भ मरा हुआ। वह... इसका विचार तक नहीं किया, जब यह उस पर प्रगट हुआ। इस पलंग का विचार नहीं किया। आप अपाहिज है, या आप जो भी है इस पर नहीं सोचा। पहियेवाली कुर्सी का कोई विचार नहीं, उस छोटे लड़के के लिए संभव है लकवाग्रस्त हो, यह चाहे जो हो (मैं नहीं जानता), इस पर कोई विचार नहीं। इसके लिए सोचा भी नहीं।

227 "परंतु डॉक्टर ने कहा, 'वह यहां से कभी नहीं बाहर आएगा।' डॉक्टर ने कहा, 'वह कभी नहीं निकलेगा।'" इसे तो सोचा ही नहीं।

228 "भई, देखिए, मैं एक बूढ़ा व्यक्ति हूं, मैं अधेड़ हो रहा हूं।" यह भी नहीं विचार किया।

229 और हम अब्राहम के बालक है (हाल्लेलुय्या) ना कि जैसा इसाहक था, परंतु उसके शाही वंश (यीशु मसीह के द्वारा) विश्वास के द्वारा जो उसके पास था। अब्राहम का वंश अंत के दिनों में आ रहा है, तारो के समान चमकने को। अब्राहम के बालक! "जिसने अपनी देह के विषय में नहीं सोचा, अब

मृत है।” ना ही उसके लिए विचार किया! यहां तक कि प्रश्न भी नहीं किया कि परमेश्वर इसे करेगा या नहीं, परमेश्वर ने कहा वह इसे करेगा! क्यों? यह उस पर प्रगट किया गया। क्या यह ठीक बात है?

230 जब यह आप पर प्रगट हो गया, जब यह वास्तव में... कुछ... आप इसे घटित नहीं कर सकते, इसे आप पर प्रगट होना ही है, तब आप किसी बात को सोचेंगे भी नहीं: यह कितना असंभव है, मत सोचिए कि डॉक्टर ने क्या कहा, आप मत विचार कहिये, मामा ने क्या कहा, पिताजी ने क्या कहा, डॉक्टर ने क्या कहा, किसी ने क्या कहा। अब बस यह सोचते हैं कि परमेश्वर ने क्या कहा!

231 “उसने अपने देह के विषय में नहीं सोचा कि मरी जैसी है, ना ही सारा के गर्भ की मरी सी दशा।” यह विचार में भी नहीं लाया। ओह, यह तो मुझे झकझोर देता है। मरी सी देह, ना ही सारा के गर्भ की मरी सी दशा, अपने विचार में भी नहीं लाया।

232 हालात का भी विचार नहीं करेगा, जब विश्वास अच्छी भूमि पाता है! जब जीवंश सूत्र पुरुष से निकलकर स्त्री में अंडा पाता है, और दोनों उपजाऊ है, कुछ घटित होने जा रहा है। हाल्लेलुय्या! डॉक्टर कह सकता है, “आपको बालक नहीं हो सकता। मैं यह सिद्ध कर सकता हूं कि आपके—आपके सूत्र आपकी देह में मर गए और उसके अंडे कभी भी उपजाऊ नहीं होंगे।” परंतु उस उपजाऊ अंडे को, उस जीवांश को अंडे तक पहुंचने दे एक बार, देखिए क्या होता है; वह छोटा लड़का या वह छोटी लड़की दृश्य में आती है। क्यों? विश्वास ने अपनी अच्छी भूमि पाई। कार्य, कार्य को जानता है, कोशिका के ऊपर कोशिका, और यहाँ छोटा सा आता है। आमीन। परमेश्वर, हम पर दया करें। ओह परमेश्वर, यदि हम मजबूत मसीही जैसा हमें होना चाहिए है; यदि हम पुरुष या स्त्री होते, जो परमेश्वर को उसके वचन पर लेते! आप इसे नहीं कर सकते जब तक यह आप पर प्रगट ना हो जाए।

मुझे जल्दी–जल्दी करना है।

233 ध्यान दें, परमेश्वर का पवित्र विश्वास उसके भविष्यवक्ता के पवित्र कार्य के साथ मिलता है। स्मरण रखें, परमेश्वर का पवित्र विश्वास अब्राहम पर प्रगट हुआ। उसने इसे ग्रहण किया, और वहां से उसने अपना पवित्र कार्य आरंभ किया विश्वास के द्वारा, प्रतिज्ञा के बीज को बढने के लिए

स्थान था। क्या हो यदि वह कहे (अब्राहम) “भई, साराह तुम जानती हो कुल मिलाकर पच्चीस वर्ष हो गए जबसे परमेश्वर ने वह प्रतिज्ञा की”? ओह! “यदि कुछ होना होता,” देखिए। परंतु यह नहीं होगा। परमेश्वर जानता है यह नहीं होगा।

234 क्या होता यदि मरियम कहती, “अच्छा अब, एक मिनट रुको! एक—एक कुंवारी गर्भधारण? वे मुझे कलीसिया से बाहर कर देंगे यदि में जाकर इस प्रकार की बात कहूंगी”? अब, वह इस तरह के विचार सोच सकती थी यदि वह तैयार भूमि ना होती।

235 जब उस भविष्यवक्ता ने कहा, “एक कुंवारी गर्भवती होगी,” तो यह तय हो गया। समझे?

236 “विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे।” उपजाऊ भूमि वहां पर है और जब वचन वहां गिरता है, यह पकड़ करता है। इसे कोई रोक नहीं सकता।

237 अब, जल्दी से, जबकी हम इसे समाप्त करते हैं। देखिए, बीज को छिपने का स्थान था। परमेश्वर इसे जानता था, या तो फिर वह कभी भी अब्राहम को प्रतिज्ञा नहीं देता। अब जरा ध्यान से सुने, परमेश्वर जान गया वह प्रतिज्ञा कहां से जा रही है; उसने अब्राहम को कभी भी नहीं बुलाया जब तक वहां पचतर वर्ष का हुआ, परंतु वह आरम्भ से ही उसका ठहराया हुआ बीज था, ऐसे ही साराह।

238 ध्यान दें, स्मरण करें, उसके पास बाइबल नहीं थी कि उसमें से पढ़ें। उसके पास नहीं थी जितनी सरलता से आज हमें मिली है कि उसका वचन पढ़ें और दूसरों को देखें कि किसने इसे ले लिया है। स्मरण करें, उसके पास यह प्रकाशन के द्वारा थी और यही वास्तविक चीज है। वैसे ही जैसे यह युसूफ के द्वारा था उत्पत्ति में, वहां कोई बाइबल नहीं थी। स्मरण करें, मूसा ने उत्पत्ति निर्गमन, लेव्यव्यवस्था और व्यवस्थाविवरण को लिखा। उनमें से कोई भी चरित्र किसी बाइबल में से पढ़ने को नहीं था मूसा तक। क्या यह ठीक बात है? उनके पास बाइबल ना थी जो हमारे पास है कि हमारी दुर्दशा में हमारी सहायता करें। वे कठोर लोग थे जो... उन्हें परमेश्वर के द्वारा प्रगट किया गया और वे ठीक वहां डटे रहे, उन्हें किसी ने भी ना हिलाया। अब, क्या आप सोचते हैं कि हमारे पास अब भी वह कठोर विश्वास हो सकता है? यदि यह आप पर प्रगट हुआ है!

239 इस प्रगटीकरण को शमा करना या इस समय गवाही, बंद करने से थोड़ा पहले। मुझे यहां, “दो जुड़वा शहर,” में, मैं सोचता हूं, भाई ब्राऊन और वे मेरे साथ थे और मैं यूसुफ के जीवन को ले रहा था बाइबल में। और मैंने वह बाइबल पढ़ी, वहां एक मनुष्य था जिसके विरोध में कुछ नहीं था! अब्राहम, इसहाक, युसूफ और वे सारे, उनके विरोध में कुछ है, परंतु यूसुफ के विरुद्ध कुछ नहीं। क्या ही पुरुष, सिद्ध पुरुष मसीह की एक सिद्ध प्रतिछाया!

240 जब मैं वह पढ़ता हूं, एक दिन में रोने लगा, अपने छोटे पुराने होटल के कमरे में। और मैं अपनी अलमारी के पास गया जहां मेरे कपड़े लटक रहे थे, दोनों दरवाजों को खींचा, और मैंने कहा, “परमेश्वर, मैं यूसुफ जैसे पुरुष के लिए धन्यवाद देता हूं, जो कभी पृथ्वी पर रहा, मेरे समान शरीर में एक—एक मनुष्य, एक मनुष्य जो आप पर विश्वास कर सकता और आपका वचन लेता।” वह भाइयों के द्वारा द्वेष पात्र ठहरा, वह आत्मिक था इसमें वह कुछ नहीं कर सकता था। उसने दर्शन देखा, वह स्वप्न का अनुवाद कर सकता था। इसके लिए सब ने उससे द्वेष रखा। वह इसमें कुछ नहीं कर सकता था, बस वह जो वहां था।

241 देखिए, वह औरों के लिए नहीं था, उन्हें उस से प्रेम करना चाहिए था परंतु बजाए इसके... जब उसने उन्हें बताया, कभी बातें उनके विरुद्ध, “ओह,” वे कहते हैं, “यहां स्वप्नहारा आ रहा है।” समझे? और उन्होंने उससे बिना कारण द्वेष रखा।

242 मैंने कहा, “उन्होंने यह क्यों किया?” और फिर भी वह व्यक्ति कभी नहीं हिला वह वही स्थिर रहा। समझे? मैंने कहा, “धन्यवाद, प्रभु। ओह परमेश्वर, ऐसे व्यक्ति के लिए धन्यवाद।”

243 और वही पवित्र आत्मा ने मुझ पर प्रगट किया, मुझसे कहा, “तुम्हारे पास एक पुत्र होगा, और तुम उसका नाम ‘जोसफ़’ रखना।” मैं वहां से उठा और प्रभु को धन्यवाद दिया।

244 बैकी, वहां पीछे बैठी है, लगभग तभी जन्मी थी... वह लगभग एक वर्ष की थी। वह शल्य चिकित्सा से हुई थी मेरी पत्नी के परिवार में कुछ ऐसा है कि शल्य चिकित्सा से; क्योंकि वे स्त्रियों जैसी लचक वाली नहीं, हड्डियां पुरुष के समान ठोस है और मां की शल्य चिकित्सा से निकाला गया। और डॉक्टर ने मुझे बताया, उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, आप इस स्त्री से दूसरा

बालक कभी नहीं चाहना।" कहा, "इनका गर्भाशय गुब्बारे के समान पतला है।" उसने कहा, "अच्छा हो कि मैं इनकी डिंबवाही नली बांध दू।"

245 मैंने कहा, "नहीं मैं नहीं चाहुंगा... ऐसा करने के विषय में ना सोचे, 'डॉक्टर।'"

246 उसने कहा, "ठीक है, आप—आप—आप... उसको दूसरा बालक नहीं होना चाहिए।" कहा, "तुम उसे नष्ट कर दोगे," कहा, "वह मर जाएगी।" कहा, "हमारा भयानक समय था," कहा, "आप... वह इसे नहीं कर सकेगी।"

247 तब प्रभु ने मुझे बताया कि मुझे "एक पुत्र मिलने वाला है" और उसका नाम "जोसफ" होगा। मैं इस विषय में कभी नहीं डरा। आप में से बहुतों को याद है।

248 मैं इसकी घोषणा करता रहा, कि, "मुझे एक बालक मिलने वाला है; उसका नाम जोसफ होगा।" कितनों को यह याद है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] निश्चय ही! सारे राष्ट्र में, हर कहीं लोगों को बताया, "एक बालक होने जा रहा है; उसका नाम जोसफ होगा।"

249 बिल्कुल वैसे ही जैसे फिनलैंड में छोटा लड़का जीवित हो गया, मरे हुए से। भाई जैक ठीक वहां थे जब यह घटित हुआ। आप लोगों को, दो तीन वर्ष पहले बता दिया था, इसके पहले कि घटित होता, "एक छोटा लड़का होगा," वह कैसे कपड़े पहने होगा, वह कहां पड़ा होगा। "परमेश्वर ने ऐसा कहा है!"

250 "यह कैसे होने जा रहा है?"

251 "मैं नहीं जानता! परंतु मुझ पर यह प्रगट किया गया था कि यह घटित होने जा रहा है!"

252 मुझ पर यह प्रगट किया गया, कि, "मैं एरीजोना जा रहा हूं, और वहां में सात स्वर्गदूतों से मिलूंगा। और तब वे मुझे बतायेंगे एक संदेश जो मुझे प्रचार करना था।" और वह सात मोहरे थी। यह घटित हुआ! मैं यह कहता था, कितनों को याद है? टेप आदि इसके लिए होने और यह घटित हुआ! पत्रिकाये, हर चीज ने इसका चित्र उतारा, कि वहां वातावरण में उजियाला था, वे अभी तक भी इसे नहीं समझ पाए थे। वहां था।

253 मुझे याद है भाई जैक को बुलाया और इस विषय में पूछा कि मसीहा वहां खड़ा है, और भाई जैक ने कहा, "ये वह अपनी महिमा वाली स्थिति में है।" समझे? मैं भाई जैक से प्रेम करता हूं। वह एक बढ़िया धर्म विज्ञानियों में से एक है जिन्हें मैं जानता हूं, परंतु मैं इसे ठीक नहीं बैठा पाया।

254 मैं वहां खड़ा था, मैंने कहा, "प्रभु, यह कैसे हैं? यह युवा यहां है।" मैंने कहा, "ऊन जैसे बालों के संग।"

255 उसने कहा, "वह बालों की टोपी पहने है।" इसके पहले कि यह घटित हो पुस्तक में देखे मैंने यह कहा। और उस दिन जब यह हुआ, ये ऊपर गया। और तब आप इस चित्र को एक और घुमाये यदि आपके पास *लुक* पत्रिका है या *लाइफ पत्रिका*, इसे एक और घूमाये, वह उसमें ठीक सिद्ध रूप में है हॉफमैन का *मसीह का चेहरा* ठीक वहां नीचे देख रहा है, जहां मैं खड़ा था, यह वहां उस पत्रिका में है! कितनो ने यह कभी देखा है? वास्तव में, आप सबने देखा। वहां पीछे देख रहा है, यह सिद्ध कर रहा है कि प्रकाशन सही है।

256 क्यों, बालों की टोपी पहनी? क्यों पुराने अंग्रेजी न्यायी, यहूदी न्यायी एक—एक—एक बालों की टोपी पहना करते थे, अब भी इंग्लैंड में वे पहनते हैं; जब वह... यह सर्वोच्च अधिकार, वह सफेद बालों की टोपी पहनता है। और यह उसे दर्शाता है कि वहां खड़ा हुआ है और दूतों के पंखों से सफेद टोपी ओढे है, वह अल्फा और ओमेगा है। वह सर्वोच्च न्यायी है, और उसे छोड़ और कोई नहीं। वह अल्फा और ओमेगा सा दिखाई पड़ता है। और वहां वह एक युवा पुरुष था, तीस वर्ष से अधिक का नहीं और सफेद बालों की टोपी पहने है, दर्शा रहा है कि वह सर्वोच्च अधिकारी है, परमेश्वर, "पिता ने न्याय का *सारा* अधिकार पुत्र के हाथों में दिया है।" हाल्लेलुय्या! प्रकाशन कभी गलत नहीं है! जो भी है, इसे बोलता है, कोई मतलब नहीं यह सुनने में कैसे प्रतीत होता है, ठीक वचन के साथ है।

अब स्मरण रखें, चार वर्षों पश्चात, मेरी पत्नी...

257 हमें मालूम पड़ा की हमें एक बालक होने वाला है। हर किसी ने कहा, "क्या यह जोसफ आ रहा है? "

258 मैंने कहा, "मैं समझता हूं कि है, मैं नहीं जानता, परंतु मुझे जोसफ मिलने वाला है।"

